**सुविचार**

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-18 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 9 जून 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## असहाय व्यक्ति को देख रेख के लिए ली गई जिम्मेदारी नहीं निभाने वाले के खिलाफ किस प्रकार की कार्यवाही होगी जानिए/legal advice....

जब किसी बच्चों के सिर से माता पिता का साया छीन जाता है या कोई नाबालिग बालक पागल या दुर्वल होता है जिसको सोचने समझने की शक्ति नहीं होती है तब उसके पालन पोषण की जिम्मेदारी उसका नातेदार जैसे चाचा, बड़े पापा, नाना, मामा या उसका कोई दोस्त कानूनी तौर पर पर संभालने की जिम्मेवारी लेता है। अगर वह व्यक्ति जिसने उन असहाय बालको को पालने की जिम्मेदारी ली है वह इस जिम्मेदारी को नहीं निभाते हैं या संविदा भंग करता हैं तो वह व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता की धारा 491 के अंतर्गत दोषी होगा। सेवा संविदा भंग का अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध है इनकी सुनवाई का अधिकार किसी भी न्याय मजिस्ट्रेट को है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम तीन माह की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।,,



**- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

**भारतीय दण्ड संहिता की धारा 491 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए?**

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा(1) के अनुसार सेवा संविदा भंग करने का अपराध एक समझौता योग्य अपराध हैं इसका समझौता बिना न्यायालय की आज्ञा अर्थात न्यायालय के बाहर ही उस व्यक्ति से किया जा सकता है जिस व्यक्ति की सेवा के लिए संविदा की गई थी।

## Legal Advice- मेहर क्या है, अगर मुस्लिम स्त्री को मेहर न दिया गया तो वह पति से तलाक ले सकती है जानिए।

मेहर शब्द का अर्थ होता है उपहार,स्त्रीधन या दहेज,जब कोई मुस्लिम पुरूष किसी मुस्लिम महिला से विवाह करता है तो वह मुस्लिम महिला को जिससे शादी कर रहा हैक उसे मेहर के रूप में धनराशि, कोई भूमि,कोई मकान अनाज, वस्तु आदि देता है। मेहर देने के के बाद उस पुरूष का स्त्री पर पूरा अधिकार हो जाता है स्त्री पुरूष से तलाक नहीं ले सकती है मुस्लिम विधि में स्त्री सिर्फ पुरुषों के शारिरिक संबंध के लिए होती है उसे मेहर देकर खरीदा जाता है अर्थात मुस्लिम विवाह एक संविदा विवाह है न कि सांस्कारिक जबकि हिन्दू विवाह धार्मिक एवं सांस्कारिक होता है। अब सवाल यह है कि अगर कोई मुस्लिम पति अपनी पत्नी को मेहर न दे तो यह तलाक का कारण हो सकता है जानिए महत्वपूर्ण जजमेंट।, मुस्लिम स्त्री अगर किसी मुस्लिम पुरूष से संविदा अर्थात प्रस्ताव(एजाब),स्वीकृति(कबूल) और मेहर की प्रक्रिया के अनुसार विवाह कर लेती है तो वह आपने पति से सम्पूर्ण जीवन काल में कभी तलाक नहीं ले सकती है। लेकिन पति को चार शादी करने का अधिकार है।



**- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638**

### 1. अब्दुल कादिर बनाम मुसम्मात सलीमा-

मामले में न्यायधीश महमूद ने मुस्लिम विवाह ओर मेहर की तुलना एक विक्रय संविदा से की है, इस विक्रय संविदा में मेहर को शारीरिक संभोग के प्रतिफल-स्वरूप माना जा सकता है। अगर पुरुष स्त्री को प्रतिफ़ल स्वरूप मेहर नहीं देता है तो विवाह संविदा शून्य मानी जा सकती है। लेकिन अगर मेहर नहीं दिया एवं स्त्री से शारीरिक संबंध भी नहीं बनाए तो विवाह संविदा शून्य नहीं होगी।

### 2. अनीस बेगम बनाम मालिक मोहम्मद इस्तफ़ा-

मामले में न्यायधीश द्वारा कहा गया कि मेहर की राशि को तुरंत देना चाहिए न की उसे किश्तों में बिना मेहर की राशि दिए स्त्री से मुस्लिम पुरुष शारीरिक संबंध नहीं बना सकता है न ही बच्चे पैदा कर सकता है।

### 3. मोहम्मद अहमद खां बनाम शाहबानो बेगम -

मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित किया कि मेहर ऐसी धन राशि है जो स्त्री को विवाह के समय प्रीतिफल स्वरूप देय होती है। कुल मिलाकर अगर बात करे तो मुस्लिम विवाह एक संविदा(कॉन्ट्रैक्ट) है जिसमे पुरुष स्त्री को मेहर(दहेज) देकर शारिरिक संबंध बनाने के लिए खरीदता है लेकिन अगर पुरूष स्त्री को मेहर नहीं देता है तो वह स्त्री से शारीरिक संबंध नहीं बना सकता है अगर वह बिना मेहर के संबंध स्थापित कर लेता है तो यह विवाह शून्य का आधार हो सकता है।

## टिकटौली माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित 101 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गान महर्षि संगीत सम्राट तानसेन की जन्म-स्थली बेहट में सरकार का खजाना खोल कर बहुप्रतीक्षित बड़े-बड़े विकास कार्यों की सौगातें दी। उन्होंने बेहट के कृषि उपज मंडी परिसर में हुए भव्य समारोह में मौजूद विशाल जन-समूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में वर्तमान में विकास कार्यों के साथ सामाजिक क्रांति और प्रदेशवासियों को आत्म-निर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का दौर चल रहा है। इसी दिशा में सरकार ने क्रांतिकारी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की है। समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समारोह में महात्वाकांक्षी टिकटौली माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित 101 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण रिमोट का बटन दबा कर किया। साथ ही बेहट में महाविद्यालय खोलने और बेहट का नाम तानसेन नगर करने, क्षेत्र में स्थित अंजनी माता मंदिर के जीर्णोद्धार के लिये एक करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराने और क्षेत्र के चंदीला डैम का जीर्णोद्धार तकनीकी परीक्षण के आधार पर कराने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुरार ग्रामीण क्षेत्र में खुरैरी से बिजौली-गुंधारा-जिगनिया होते हुए गुहीसर सड़क की प्रशासकीय स्वीकृति भी जल्द जारी कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा भदावना, बेहट, काशीबाबा एवं देवगढ़ को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है, जिसे मंजूरी दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों के साथ पूरे परिवार की जिंदगी बदलने के लिये सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की है। युवाओं को आत्म-निर्भर बनाने के लिये मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू करने का निर्णय लिया है।

# प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक क्रांति का दौर : मुख्यमंत्री



### मुख्यमंत्री की दरियादिली से मुरार ग्रामीण में विकास कार्यों के बड़े आयामस्थापित हुए : केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर

केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की दरियादिली और क्षेत्रीय विधायक श्री भारत सिंह कुशवाह के प्रयासों से ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के बड़े-बड़े आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होंने टिकटौली माइक्रो सिंचाई परियोजना की स्वीकृति देने के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इस परियोजना से क्षेत्र के 27 गाँवों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। स्थानीय किसान शिद्दत से नहर निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र को 3 – 3 तहसीलों की सौगात भी मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दी है, जो उनकी दरियादिली का परिचायक है। उन्होंने कहा कि श्री भारत सिंह के प्रयासों से बेहट से मालनपुर, बड़ागाँव से चितौरा, मोहनपुर से बेहट सहित तमाम बड़ी-बड़ी सड़कें बनी हैं। इतना ही नहीं श्री कुशवाह ने बुजुर्गों को निःशुल्क बत्तीसी लगवाने का काम भी किया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं क्षेत्रीय विधायक श्री भारत सिंह कुशवाह ने विकास कार्यों के लिये दिल खोल कर मदद करने के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद दिया।

### 10 जून को शाम 6 बजे 1000 रूपए भेजने का बटन दबा दिया जायेगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने प्रिय गीत फ्फूलों का तारों का सबका कहना हैज्एक हजारों में मेरी बहना हैफ्र को गुनगुनाते हुए समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद नारी शक्ति से कहा कि इंतजार की घड़ियाँ खत्म होकर अब शुभ घड़ी आ गई है। 10 जून को शाम 6 बजे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में हर बहना के खाते में 1000 रूपए भेजने का बटन दबा दिया जायेगा। उन्होंने कहा राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने के लिये सरकार ने महिलाओं को पंचायत और नगरीय निकायों में आरक्षण दिया है। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना जैसी क्रांतिकारी योजनाएँ शुरू की हैं। पुलिस की भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण और मकान, दुकान एवं अन्य परिसम्पत्तियों का मालिक बनाने के उद्देश्य से महिलाओं के नाम से संपत्ति का पंजीयन शुल्क मात्र एक प्रतिशत किया गया है।

## सवा करोड़ लाड़ली बहनों को लाभान्वित करने जुटी टीम मध्यप्रदेश

- मुख्यमंत्री श्री चौहान को जिलों में हुए नवाचारों की दी गई जानकारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन लाने वाली योजना होगी। योजना के बेहतर अमल के लिए टीम मध्यप्रदेश ने जुट कर कार्य किया है। करीब सवा करोड़ बहनों को योजना का लाभ दिलवाने के लिए जिलों में किए गए प्रयास प्रशंसनीय हैं। सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अधिकारी और जन-प्रतिनिधि मिल कर योजना को नया आयाम दे रहे हैं। योजना का अधिक से अधिक लाभ पात्र बहनों को मिले, जिससे योजना के लिए राशि अंतरण का कार्य निर्धारित तिथि 10 जून से बिना बाधा के हो जाए और बहनों को राशि प्राप्त होने लगे, इसके लिए जिलों में अनेक तरह के नवाचार भी किए गए। बुधवार देर रात को हुई समीक्षा बैठक में जन-प्रतिनिधियों और कलेक्टर्स ने योजना क्रियान्वयन के लिये किये गये नवाचारों से अवगत कराया।

### *जिलों में हुए नवाचार*

*कलेक्टर दतिया ने बताया कि व्हाट्सएप पर भी लाड़ली बहनों के ग्रुप बनाए गए हैं। आठ जून को ग्राम सभा के बाद बहनें सामाजिक क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का संकल्प लें, ऐसी रूपरेखा बनाई गई। योजना से बहनों के जीवन में होने वाले परिवर्तनों का उल्लेख विभिन्न मंचों पर किया गया। इसी तरह 9 जून को दतिया जिले में सितोलिया और स्थानीय खेल होंगे। इन्हें आनंद उत्सव का नाम दिया गया है। इसमें महिलाओं के समूह घर से व्यंजन बना कर लाएंगे और मिल-बैठ कर साथ खाएंगे। इससे हितग्राही बहनों के मध्य मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित होंगे। नगरीय क्षेत्रों में बैंड और डीजे से उत्सव का वातावरण बनाया जाएगा। उज्जैन जिले के जन-प्रतिनिधियों ने बताया कि बड़ी पंचायतों में बहनों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के अवसर पर नुक्कड़ नाटक किए गए। हितग्राहियों के निवास पर लाड़ली बहना का चित्र/फ्लेक्स प्रदर्शित कर योजना को प्रचारित किया जा रहा है।*

## मूंग फसल को देखने पहुंचे कलेक्टर



**विदिशा।** ग्राम पंचायत भवन सियासी के सामने जैसे ही कलेक्टर पहुंचे तो उन्होंने बांई तरफ के खलिहान पर नजर पड़ी तो अपने आपको रोक नहीं पाए और सीधे खलिहान में पहुंच गए। यहां ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के ढेर को देखने पर उन्होंने अपने हाथ में मूंग की फसल को लेकर परीक्षण करने लगे इसी बीच संबंधित कृषक कैलाश राठौर पहुंचे तो उनसे चर्चा में पता चला कि मूंग फसल विक्रय करने हेतु पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने कृषक कैलाश राठौर से चर्चा के दौरान जाना कि मूंग कृषि उपज मंडी में क्या भाव बिक रही है और समर्थन मूल्य क्या है। कृषक श्री राठौर ने बताया कि 7100 रूपए तथा समर्थन मूल्य पर 7500 रूपए है। मै समर्थन मूल्य पर ही बेचूंगा।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की मासिक बैठक हुई संपन्न कई मुद्दों पर हुई चर्चा बालसौर रेल हादसे में मृतकों को दी गई विनम्र श्रद्धांजलि

रविवार को भोपाल के मालवीय नगर स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष मनोज सोलंकी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें संगठन के विस्तार सामाजिक कुरीतियां, मानवाधिकार हनन, वृक्षारोपण, जेल और बाल सुधार गृह में निरीक्षण आदि विषयों को लेकर चर्चा की गई तथा सुझाव मांगे गए। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष मनोज सोलंकी का राज्यपाल की मौजूदगी में रेडक्रॉस द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान करने पर और भोपाल जिले में संगठन का कुशल संचालन एवं नेतृव के लिए संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प मालाए पहनाकर सम्मानित किया गया। लकी नेगी द्वारा राजभवन में सफल ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पमाला से सम्मानित कर संगठन में सम्मिलित होने पर स्वागत किया गया । हरप्रीत कौर जनरल सेक्रेटरी को राष्ट्रीय कार्यालय में अतिरिक्त प्रभार मिलने पर शुभकामनायें दी गई। नवनियुक्त वर्मा मैडम डिस्ट्रिक प्रेसिडेंट वुमन विंग द्वारा लकी नेगी डिस्ट्रिक सेक्रेट्री यूथ विंग को सम्मानित किया गया बैठक में रंजीत यादव ज्वाइंट सेक्रेट्री जिला भोपाल देवेंद्र जैन मीडिया प्रभारी एवं श्याम साहू डिस्ट्रिक्ट मीडिया प्रभारी भोपाल मीटिंग में उपस्थित रहे अंत में समस्त पदाधिकारियों द्वारा बलसौर रेल दुर्घटना में मृत लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई एवं मीटिंग में उपस्थित होने पर जिला अध्यक्ष मनोज सोलंकी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## भोजपुर विधानसभा से सम्यक अभियान को लेकर आए सम्यक अभियान के समन्वयक युद्धवीर सिंह पटेल जी, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को जागरूक करते हुए।

**संवाददाता हेमंत शाक्य जी**



नमस्कार दोस्तों, मैं हेमंत शाक्य तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन मध्य प्रदेश से एक खास न्यूज़ जहां पर स्थित ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर में सम्यक अभियान के समन्वयक युद्धवीर सिंह पटेल भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के प्रति जागरूक करना एवं युवाओं का निजी संस्थानों में शोषण और अभद्र व्यवहार को लेकर सम्यक अभियान भोजपुर विधानसभा से चलाया जा रहा है, जिसमें आदरणीय गांव गांव जाकर युवाओं को जागरूक कर रहे हैं और अपने इस अभियान में सम्मिलित कर रहे हैं उनका उद्देश्य है कि बेरोजगारी का निदान। 530000 नौकरियों में प्रत्येक गांव में दो या तीन नौकरियां ही बेरोजगारों को मिल पाती हैं, जिससे कि अति दयनीय स्थिति है, इसी स्थिति को सुदृण करने के लिए सम्यक अभियान के रूप में कार्य कर रहे हैं,बेरोजगारों को जागरुक कर रहे हैं।*समन्वयक युद्धवीर सिंह पटेल जी के अनुसार ग्राम की पंचायतों में विशेष लक्ष्य रखा हैं ओर अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को इस अभियान में सम्मिलित करने के लिए कार्यरत एवं प्रयासरत रहेंगे।

## प्रदेश मे अनुसूचित जाति, जनजाति, वर्गों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओ की आवाज दवा रही सरकार

**रमन वामने**



उदयपुरा। संम्मानित साथियों आये दिन अनुसूचित जाति जनजाति के साथ रायसेन जिले सहित पूरे प्रदेश मे अत्याचार हत्या की घटनाएं हो रही हैं जिनसे विजली विभाग के कर्मचारी श्री सोनू अहिरवार थाना उदयपुरा के अन्तर्गत संदिग्ध मोत का मामला आया, इसके वाद दिनांक 03/06/2023 को ग्राम चुन्हेटिया थाना सिलवानी के अन्तर्गत श्री खुमान सिंह अहिरवार की हत्या का मामला सामने आया है ऐसी कई जघन्य घटनाए गठित हो रही है। इन जघन्य अपराधो को रोकने मे सरकार व प्रशासन नाकाम सावित हो रहा है तथा मध्यप्रदेश मे जातिगत जनगणना हो इसको लेकर सभी सामाजिक संगठन औबेसी महासभा, जयस, भीम आर्मी, भीम सेना, अहिरवार समाज संघ, दिनांक 07/06/2023 को मध्यप्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी से वम्होरी (सिलवानी) मे मुलाकात कर ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकर्षण कराना चाहते थे। परंतु पुलिस प्रशासन ने आवाज दवाने के लिए मुझे (रमन वामने)थाना उदयपुरा , श्री हनुमत बौद्ध जी,गुरु द्वारा गुप्ती हमीरपुर, व संतोष अहिरवार मनकवाडा खरगोन मे डिटेन कर नजर वंद कर गैर संवैधानिक तरीके से रखा इसकी हम घोर निंदा करते हैं। यदि समाज की आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस प्रशासन का रवैया सही नहीं है ये तो सरेआम लोकतंत्र की हत्या एवं सविधान का घोर अपमान है। सभी सामाजिक संघ एक हो ओर ऐसे असवैधानिक कृतयो के खिलाफ एक जुटता से संघर्ष करने की आवश्यकता है। नहीं तो प्रशासन सरकार हमारे लोगों के ऊपर ऐसे ही अत्याचार करता रहेगा।

## एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला उड़दमऊ में साइकिल वितरण का कार्यक्रम रखा गया



**संवाददाता युवा हेमंत शाक्य।**

ग्राम पंचायत उड़दमऊ के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला उड़दमऊ में आज दिनांक 7 जून 2023 को ग्राम के सरपंच सम्मानीय रीना संदीप राय जी की उपस्थिति में शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सरकार की कार्य योजना के अनुसार विद्यालयीन छात्र/छात्राओं को साइकिल वितरित करने हेतु सरपंच प्रतिनिधि महोदय संदीप राय जी, सचिव कृष्णमोहन लोधी जी,शाला के अध्यक्ष गोपाल सिंह लोधी जी, विद्यालय की अध्यापिका रेशमा मैम विद्यालय में सेवारत अतिथि शिक्षक हेमंत शाक्य एवं शिवानी धाकड़ जी और कुछ ग्रामीण लोग विशेष रुप से सम्मिलित एवं उपस्थित रहे। आज बच्चों में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिला बच्चे साइकिल लेकर उत्साहित होकर खुशी खुशी अपने घर पहुंचे।विद्यालय पूर्व में क्षतिग्रस्त और अति दयनीय स्थिति में था ,परंतु सरपंच महोदय के नेतृत्व में उन्होंने बगैर सरकारी अनुदान के तथा स्वयं के सहयोग से विद्यालय में भवनों की मरम्मत करवाई और पुट्टी एवं पुताई कार्य संपन्न कराया। विद्यालय सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल विशेष मुख्यरूप से माननीय विधायक सुरेंद्र पटवा जी की ओर से प्राप्त करवाई गई। सरपंच प्रतिनिधि विकास कार्यों को लेकर काफी ज्यादा धन्यवाद और सम्मान के पात्र हैं। मध्यप्रदेश शासन ,जिला शिक्षा केंद्र रायसेन, जनपद शिक्षा केंद्र बाड़ी ,जन शिक्षा केंद्र इंटखेड़ी ,ग्राम पंचायत उड़दमऊके विद्यालय में काफी ज्यादा सहयोग प्रदान किया है। शाला की अध्यापिका रेशमा मेडम ने और अतिथि शिक्षकों ने शिवानी धाकड़ मेम ओर हेमंत शाक्य जी ने मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया।

## ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर में महिलाओं को बांटे लाड़ली बहना योजना के स्वकृति प्रमाण पत्र।



**हेमंत शाक्य सुल्तानपुर**

ग्राम पंचायत खमरिया सोनपुर में माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा संचालित लाडली बहना योजना के अंतर्गत ग्राम की सभी माताओं बहनों को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए , जिसमें मुख्य अतिथि सम्मानीय सेवंति/संतोष शाक्य, सचिव प्रेमनारायण अहिरवार जी, सहायक सचिव संतोष शाक्य जी और समस्त पंचगण और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से ग्राम के पटेल सुरेश राठौर जी, ग्राम के सम्मानित सदस्य जगदीश शाक्य, ग्राम के गुरू जी हरप्रसाद शर्मा जी, हरिशंकर विश्वकर्मा जी,श्रीकिशन साहजी,सुनील राठौर जी , मुकेश राठौर जी, हरप्रसाद राठौर जी, रामभरोषे राठौर जी, मुन्नालाल राठौर जी सम्मिलित हुए।महिलाओं में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिला ग्राम पंचायत पिछले वर्षों से काफी ज्यादा पिछड़ी हुई पंचायत है, किंतु वर्तमान सरपंच सम्मानीय सेवंती संतोष शाक्य के अथक प्रयासों से पंचायत का विकास हो रहा है। पंचायत का कार्य एवं योजनाओं से समस्त ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया है।ग्राम का नाम रोशन हुआ है यही आशा और उम्मीद से सरपंच साहब, सचिव साहब, समस्त पंचगण और ग्रामवासी पूर्ण निष्ठा से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग प्रदाय कर रहे हैं।

## बालाजी सेक्युरिटिज के प्रबंधक पर यूनिफॉर्म किट के नाम पर पांच हजार रुपए की जबरन वसूली का आरोपः जनसभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**लक्ष्मण पिल्लाई**

छत्तीसगढ़ । जनसभा द्वारा कलेक्टर बस्तर को ज्ञापन सौंपकर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सुरक्षा व्यवस्था हेतु अनुबंधित संस्था बालाजी सेक्युरीटिज पर वर्दी और अन्य नाम से जबरन पांच हजार रुपए प्रत्येक कर्मचारी से वसूली करने की शिकायत में कार्यवाही की मांग की गई है। गौरतलब होकि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जगदलपुर में सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली पूर्व की ठेका कंपनी का अनुबंध समाप्त हो गया है। जिसके बाद इंदौर की नई कंपनी को यह व्यवस्था संभालने का काम सौंपा गया है। इससे पूर्व यहां के 197 सुरक्षा कर्मचारियों को पूर्व नियोक्ता द्वारा बकाया वेतन का भुगतान भी नही किया गया है, और अब नई कंपनी द्वारा अवैध तरीके से पांच हजार रुपए की मांग की जा रही है। मामले में जानकारी देते हुए जनसभा के अध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल डिमरापाल, जगदलपुर की पूर्व में सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली अनुबंधित ठेका कंपनी सीडीओ सेक्युरीटिस का अनुबंध पूर्ण हो चुका है। उक्त नियोक्ता ठेका कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को अन्तिम माह का वेतन नहीं दिया गया है। साथ ही उक्त कंपनी द्वारा कर्मचारियों के ज्वाइनिंग दिनांक से अनुबंध समाप्त होते तक सभी से राष्टीय अवकाश में भी काम लिया गया जिसका की भुगतान अबतक नही किया गया है। यही नहीं उक्त कंपनी द्वारा कचरियाओं को शासन द्वारा तय न्यूनतम वेतनमान अनुसार भुगतान नही किया जाता था जिस कारण अब तक की शेष अंतर राशि का भुगतान भी बकाया है। इस हेतु जनसभा न्यायालय में न्याय हेतु दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए अनुबंधित ठेका कंपनी बालाजी सेक्युरीटिस इंदौर को काम सौंपा गया है। उनके द्वारा पिछले 10 वर्षो से सुरक्षा कर्मचारियों के रूप में सेवा दे रहे लोगों को छोड़कर अन्य भर्ती किया जा रहा था। जिसे कि कर्मचारियों के हित में जनसभा संगठन के विरोध के बाद पुराने कर्मचारियों को ही काम पर रखने के लिए कंपनी राजी हुई। लेकिन अब इन कर्मचारियों से यूनिफॉर्म किट के नाम पर कंपनी के कर्मचारी द्वारा अवैध रूप से 5000 रुपयों की मांग की जा रही है। पैसे नही देने के स्तिथि में अंतिम चयन सूची से उनका नाम काटने की धमकी भी दी जा रही है। कंपनी के प्रबंधक द्वारा भी कर्मचारियों से बदसलूकी और गाली गलोच किया जा रहा है ऐसी शिकायत मिल रही है। इस संबंध में बस्तर के कामगारों के पक्ष में जिला के कलेक्टर से हमने न्याय हेतु आग्रह किया है।

## श्री जीतेंद्र पालीवाल ने बैंक ऑफ इंडिया का पदभार ग्रहण किया



श्री जितेंद्र पालीवाल को बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर बने नई रोशनी के परियोजना अधिकारी श्री रंजीत पंथी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई श्री पालीवाल का सरल स्वभाव हम सभी के दिल पर राज करता है वे अपने धनी व्यक्तित्व के कारण समाज में पहचाने जाते हैं एवं उनके कार्यों की सराहना के कारण वह हमेशा चर्चा में रहते हैं वह एक अच्छे समाज सेवी एवं समाज कार्यकर्ता के रूप में भी कार्य करते हैं श्री पालीवाल जी हमेशा से ही सभी के मार्गदर्शन बने रहे हैं एवं सभी कार्यों को बखूबी निभाते हैं हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं वह हमेशा ऐसे ही तरक्कीओ पर जाते रहे। हम सभी को मार्गदर्शन देते रहें श्री पालीवाल जी के बारे में हमें कई संस्थाओं ने उनके बारे में बताया उनके कार्यों की सराहना की एवं अविरल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के ओनर श्री दीपक गौर जी ने उन्हें सोशल नेटवर्किंग के जरिए बधाइयां प्रदान की एवं आदम एक्टर क्रिएशन के सभी कलाकारों की तरफ से उन्हें बधाइयां दी गई। कई वेलफेयर सोसाइटी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी गई श्री पालीवाल विगत कई वर्षों से बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत हैं। उनने अपने सभी कार्यों को बखूबी एवं बहुत सरलता के साथ निभाया है एवं कार्य प्रणाली के अंतर्गत वह हमेशा कार्यों में आगे ही रहे हैं और वह कार्य को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं हम सभी सोसाइटी की ओर से वेलफेयर सोसाइटी की ओर से और कई संस्थानों की ओर से श्री पालीवाल जी को ब्रांच मैनेजर बनने की खुशी में हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हैं।

## अहिरवार समाज करेगा मध्यप्रदेश में अहिरवार महापंचायत

दिनांक 04.06.2023 दिन रविवार को अहिरवार समाज संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश अहिरवार जी की अध्यक्षता में संत शिरोमणि रविदास मंदिर, जिंसी चौराहा भोपाल में किया गया । बैठक में प्रमुख रूप से अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की समीक्षा, समाज पर आय दिन हो रहे अन्याय अत्याचार एवं समाज की वर्तमान राजनीती में सहभागिता पर मंथन किया गया । उक्त बैठक में प्रमुख रूप से भोपाल, रायसेन, होशंगाबाद, निवाडी, राजगढ, छतरपुर आदि जिलो से संघ के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी सम्मिलित हुयें । अहिरवार समाज संघ ने विस्तृत रूपरेखा बनाते हुये आगामी दिनों में मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलों में 6 चरणो में अहिरवार महापंचायत बुलाने का आवाहन किया हैं । जिसके तहत प्रथम चरण में, भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा एवं पिपरिया द्वितीय चरण में निवाडी, टीकमगढ़, छतरपुर, राजगढ, गुना, दमोह एवं तृतीय चरण में उज्जैन, शाजापुर, देवास अशोकनगर, उमरिया में अहिरवार महापंचायत आयोजित की जाएगी । अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार ने बताया कि मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले एवं ब्लॉको में भव्य रविदास मंदिर





निर्माण, छात्रो के लिये निश्शुल्क छात्रावास निर्माण, अहिरवार समाज पर अत्यचार पर त्वरित कार्यवाही, जातिगत जनगणना, प्रदेश के समस्त मंदिरों का सर्वे कराकर उनमें अहिरवार समाज एवं अनुसूचित जाति के अन्तर्गत अन्य समाजों के भी पुजारी रखी जावें, एवं अहिरवार समाज को आगामी विधानसभा में प्रमुख राजनीतक पार्टियों से टिकट दिया जाएं एवं अन्य प्रमुख मुद्दो पर अहिरवार महापंचायत का आयोजन किया जाएगा । जो भी राजनीतिक पार्टी हमारी इन मांगो को पूरा करेंगी एवं हमारी समाज द्वारा निर्णय लिये गये नेताओं को विधानसभा में टिकट देगी अहिरवार समाज उस राजनितीक पार्टी का समर्थन करेगा । बैठक में प्रमुख रूप से अहिरवार समाज संघ के प्रदेश संरक्षक बी.सी. बरगले , प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार , युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुनील बामने , महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता गोलिया , आईटी सेल प्रभारी संजेश गोलिया , प्रदेश उपाध्यक्ष माधव सिंह अहिरवार , प्रदेश सचिव पतिराम अहिरवार , सहसचिव कमलसिंह अहिरवार , समन्वय समिति अध्यक्ष सुनील बोरसे, महासचिव नयनतारा अहिरवार , भोपाल संभाग अध्यक्ष रविशंकर अहिरवार , संभाग उपाध्यक्ष सुपयार सिंह बम्होरिया , युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष विवेक अहिरवार एवं निवाडी जिलाध्यक्ष रविन्द्र भास्कर, नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष दुर्गेश बामने, रायसेन जिलाध्यक्ष हेमन्त चौधरी, राजगढ जिलाध्यक्ष शिवलाल वर्मा, भोपाल जिलाध्यक्ष सुरेश अहिरवार, युवा संभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश साकले, धर्मेन्द्र अहिरवार, डी.के. बघेल, ब्रजेश अहिरवार, कमल सिंह, तीरथ टैटवार, प्रेम बघेल मंडीदीप, कुन्दन सिंह, पप्पू अहिरवार, नरेश अहिरवार, उमेश अहिरवार, राकेश अहिरवार, चतरसिंह अहिरवार आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलत हुयें ।

# भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पहुंचे विदिशा शमशाबाद शहीद आजाद चरण सिंह चौधरी को दी श्रद्धांजलि







**विदिशा।** कल दिनांक 8 मई गुरुवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संस्थापक आजाद समाज पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद जी का आगमन 3 से 4 बजे के भोपाल एयरपोर्ट पर हुआ। जहा आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय,प्रदेश उपाध्यक्ष विलास बल्ले,भीम आर्मी संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह,भीम आर्मी रायसेन जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी,एवम तमाम कार्यकर्ता सैकड़ों को संख्या में उन्हें लेने पहुंचे जिसमे भोपाल एयरपोर्ट से चंद्रशेखर आजाद का काफिला शमशावाद पहुंचा जहा बीते दिन भीम आर्मी जिला अध्यक्ष शहीद आजाद चरण सिंह चौधरी की संदिग्ध क्या कर दी गई थी जिसमें अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं की गई है जिसके विरोध में भीम आर्मी विदिशा के कार्यकर्ताओं ने महानीम चौराहे पर चक्का जाम किया और न्याय की गुहार लगाई। शमशावाद में शाहिद आजाद चरण सिंह चौधरी को भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थिथ हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । भीम आर्मी जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सहित चरण सिंह चौधरी की पत्नी ने ली और कहा कि मेरे पति के अधूरे सपने को मैं पूरा करके दिखाऊंगी और विदिशा जिले के अंदर बहुजन को को मजबूती प्रदान करूंगी । चंद्रशेखर आजाद ने कहा अगर पीड़ित परिवार की जो मांगे 15 दिवस के अंदर पूर्ण नहीं कि जाती है तो जिला मुख्यालय की तालाबंदी कर अनिश्चित कालीन धरना करूंगा।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दमोह के विद्यालय संचालकों के बारे में मिली गंभीर शिकायतों पर दिए जांच के निर्देश

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। अपने नियम कायदों से स्कूल संचालन ही नहीं, दूसरी गंभीर शिकायतें भी मिलीं स्कूल चलाना सिर्फ एक काम, कई कारोबार फैलाए गए जमीनों पर कब्जे, धर्म कांटा, दुकानें, तेंदूपत्ता और कपड़े के कारखाने का फैला हुआ कारोबार क मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दमोह के गंगा जमुना विद्यालय के संबंध में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया है। उन्होंने दमोह जिले गंगा जमुना विद्यालय के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। विवादों से घिरे दमोह के विद्यालय संचालकों के बारे में और भी गंभीर शिकायतें मिली हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया है। क मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज दमोह के गंगा जमुना विद्यालय के बारे में प्राप्त शिकायतों के सिलसिले में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को जांच के निर्देश दिए हैं। विद्यालय संचालन से जुड़ी शिकायतों के साथ ही बीड़ी कंपनी गंगा जमना, बीड़ी कम्पनी



352, संभाग एवं प्रदेश स्तर पर तेंदूपत्ता का काम, कपड़े कारखाने भोपाल में, हार्डवेयर का कार्य रेत खनन, करीब 1800 एकड़ इलाके में भू माफिया के रूप में सक्रिय, लगभग 300 एकड़ जमीन सिटी के आस पास पाई गई, पेट्रोल पंप, वृहद स्तर पर जिहादी भू माफियाओं के लिए फंडिंग डोनेटर और गंगा जमुना दाल मिल जिस दाल की सप्लाई सऊदी अरब यूएई में होती है और यूनाइटेड नेशन अमीरात में होती है। इनका गंगा जमुना धर्म कांटा भी है और शहर के मुख्य बाईपास में सैकड़ों एकड़ जमीन में दुकान भी है, यही नहीं दिल्ली, भोपाल, जबलपुर, बैंगलोर और हैदराबाद शहरों में कई फ्लैट ऑफिस और मकान होने की जानकारी मिली है। कई जिहादी तत्वों ने लव जिहाद में फंडिंग करते हुए उनको अजमेर और अन्य जगहों पर शिफ्ट करने का कार्य भी किया है। आरोपियों पर केंद्रीय एक्साइज की भारी मात्रा में चोरी की भी शंका है। इन सब बिन्दुओं की विद्यालय की गतिविधियों की विस्तार से जांच की जाएगी। इन शिकायतों के लिए जांच समिति भी गठित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह दमोह के गंगा जमुना विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रबंधन द्वारा स्कार्फ और हिजाब का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की शिकायतें सामने आई थीं। स्थानीय नागरिकों द्वारा भी विद्यालय प्रबंधन के संबंध में शिकायतें की गई हैं। राज्य सरकार ने इन परिस्थितियों को देखते हुए अलग-अलग आयामों से जाँच के निर्देश दिए हैं।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्रा का दुखद निधन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)/अनूपपुर।** वरिष्ठ पत्रकार रामजी मिश्रा निवासी लहसुई कैम्प कोतमा जिला उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ अनूपपुर जो कि राज केवल परिवार के भी सदस्य रहे है ,उनका लंबी बीमारी के पश्चात दुखद निधन हो गया है उनके निधन से जिले में एक निर्भीक तथा पत्रकारों के अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए लिए हमेशा सजक रहते हुए संघर्षशील रहे उनके निधन से जिले के एक कलम के सिपाही की अपूरणीय क्षति हुई है जिसका भर पाना संभव नहीं है उनके निधन की खबर सुनते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदोरिया।प्रदेश महासचिव सुनील त्रिपाठी ,वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अली संभागीय अध्यक्ष राहुल सिंह राणा संभागीय महासचिव कृष्णा तिवारी अनूपपुर जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा ,जिला महासचिव चैतन्य मिश्रा , मनोज द्विवेदी अजीत मिश्रा अरविंद बियानी,विजय उरमलिया, प्रदीप मिश्रा, हिमांशु बियानी, धर्मेंद्र कांत तिवारी, ज्ञान चंद्र जायसवाल , आकाश नामदेव , दिवाकर विश्वकर्मा, अमित शुक्ला, सुमिता शर्मा ,दुर्गा शुक्ला, हेतराम वर्मा, सुनील गुप्ता , विजय जायसवाल, उमेश तिवारी, अमित सेनगुप्ता, शैलेंद्र विश्वकर्मा, अजय जायसवाल , शारिक सिद्दीकी, अरुण ओटवानी, राजकुमार तिवारी, प्रमोद शुक्ला, आदित्य सिंह, अयोध्या सिंह, उमा शंकर पांडे मुन्न समूचे श्रमजीवी पत्रकार साथियों के द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से प्रार्थना किए की उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख की घड़ी में परिवार के लोगों को सहन शक्ति प्रदान करें।

## शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोग कैसे होंगे लाभान्वित जब जिम्मेदार ही ताला जड़ रहेंगे नदारद

**अमित कुमार बैस**

अनूपपुर। इन दिनो जैसा सभी को ज्ञात है कि मध्यप्नदेश सरकार द्वारा प्नदेश की बहनो के लिए लाडली बहना योजना का क्रियान्वय कर लाभान्वित करने नगरीय निकाय के साथ साथ जनपद पंचायतो को भी तेजी के साथ कार्य करने की समझाईश देते हुये प्नत्येक पात्र बहना इस विशेष योजना से लाभान्वित हो इसके लिए जिम्मेदार विभागीय कार्यालय वक्त से खोले जाकर समयमान तक कार्य हो इसके लिए विशेष रूप से सभी को निर्देशित किया गया है? यहाँ तक सरकारी गैर सरकारी बैंको को भी रविवार के दिन भी बैंक खोले जाकर इस योजना से जोड़े जा रहे बहनो के खाता खोलने के आदेश दिये हैं ताकि बहनो का हक बहनो को मिल सके? मध्यप्नदेश शासन अपने सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियो तक पहुँच सके इसके लिए जगह जगह कार्यक्रम कर सभी से जानकारी भी साझा करने का कार्य कर रही? लेकिन प्नतीत होता है जैसे शासन के भावी योजनाओं से जनपद पंचायत अनूपपुर बदरा को कोई लेना देना नहीं? यह बात इसलिए क्योंकि इस जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतो के कार्यालय को जाकर देखा जाय तो अधिकांश शासकीय समय से खुलते ही नहीं? अब इससे क्या अनुमान लगाया जा सकता कि आखिर जिम्मेदार रहते कहाँ होंगे? समझने का विषय कि जब जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को तो छोड़िये अन्य शासन से नियुक्त शासकीय वेतनमान का लाभ ले रहे जिम्मेदार व जवाबदार कर्मचारी ही वक्त से अगर कार्यालय ना पहुँचे तब औरो से क्या उम्मीद किया जा सकता है? दरअसल उक्त तस्वीर जनपद पंचायत अनूपपुर बदरा के कार्यालय ग्राम पंचायत टांकी की है जो तस्वीर के अनुसार दिनांक 07/06/2023 को दिन में लगभग 12 बजे कार्यालय में ताला जड़ा दिखाई दे रहा? इस वक्त तक ताला खोलने चपरासी तक मौजूद नहीं रहा, अब इससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य दिनो इस ग्राम पंचायत में पदस्थ कर्मचारी कितने सही वक्त से पहुँच कार्यालयीन कार्य को करते होंगे? इससे यह अनुमान भी लगता है कि जब ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारियों का यह हाल है तब जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों का आलम क्या होगा? क्या कहीं अपने सोच विचार से घर बैठे कोरम पूरा करने का कार्य तो नहीं चल रहा? जिससे सही पात्र हितग्राही बहना को छोड़ अपात्रो को पात्र बना जिम्मेदार लाभान्वित करने में लगे हो और जिससे शासन की विचारधारा पर पलीता लग जाए? अब कौन करे इसकी समीक्षा जिससे सच सबके सामने हो?




# खेल में विजय, मन ऊर्जा और विचार तथा दृढ़ इच्छा शक्ति से मिलती है- कमिश्नर

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

शहडोल। श्खेल के क्षेत्र में विजय पाने के लिये मन को मजबूत कर शारीरिक ऊर्जा का उपयोग कर और विचार को एकाग्रता की ओर केन्द्रित कर दृढ़ इच्छा शक्ति की आवश्यकता होती है। खेल मन से जीता जाता है, खिलाड़ियों को अपने-आप को दूसरों से कम नही आकना चाहिए और स्वयं को अच्छा खिलाडी मानकर विजय हासिल करना चाहिए। लड़ाई चाहे खेल, युद्व अथवा अन्य समस्याओं से संबंधित हो उससे विजय पाने के लिये दिमाग का उपयोग जरूरी है और यह तब संभव है जब एकाग्रता से उस पर अमल किया जाएश। उक्त विचार कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने मंगलवार की शाम को अनूपपुर जिले के अमलई विद्यालय के खेल मैदान में 1 जून से 8 जून तक चलने वाले फुटबाल खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त किये। यह खेल प्रशिक्षण प्रदेश से चयनित धार, अनूपपुर, शहडोल एवं इंदौर के खिलाड़ियों को दिया जा रहा है ये खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर 9 जून से 12




जून तक उड़ीसा प्रांत के भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले राष्टीय स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में हिस्सेदारी निभाने जाएगें। कमिश्नर श्री शर्मा ने इस मौके पर कहा कि खिलाड़ी प्रदेश के बाहर जाकर एक रहे तथा जिला एवं संभाग की भावना को छोड़कर प्रदेश की भावना मन में रखकर विजय हासिल करें और अपने प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हमारे देश में ध्यानचंद्र, मिल्खा सिंह सहित अनेक खिलाड़ियों ने देश का नाम खेल के क्षेत्र में रोशन किया है। कमिश्नर ने उदाहरण देते हुए कहा कि जब 1961 में पाकिस्तान से भारत का युद्व हुआ था तो उस लड़ाई में पेंटेन नामक टैंक उनके पास था उसके मुकाबले हमारे देश में टैंक तब नही था, परन्तु हमारे देष के सैनिकों ने अपने सशक्त हौसलें का उपयोग कर उस युद्वक टैंक को ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को सीख देते हुए कहा कि खिलाड़ी जब अपने प्रदेष से बाहर खेलने जाए तो उनके मन में जीतने की प्रबल इच्छा बनी रहना चाहिए, उस वक्त ध्यान जीत पर एकाग्र रखना चाहिए न की वहां सैर सपाटे आदि पर दिमाग रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जहां पर रहता है प्रकृति उस क्षेत्र के हिसाब से पोषण की चीजें उपलब्ध कराती है दाल, मोटे देशी अनाज , मौसमी फल,दूध, हरी सब्जी इत्यादि का उपयोग खिलाड़ियों को पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए, अपने-अपने घरों में सभी पौष्टिक फलदार पौधे लगाने चाहिए।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# गांजा पेड़ सहित आरोपी गिरफ्तारः घर के पीछे बाड़ी में कर रहा था खेती, गोहपारू और कोतवाली पुलिस ने की संयुक्त कार्यवाही






**रोहित तिवारी (शहडोल)।** जिले की गोहपारू पुलिस ने गांजा की खेती कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को यह कार्रवाई मुखबिर सूचना पर की गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि, आरोपी करन सिंह पिता अशोक सिंह (32 वर्ष) निवासी ग्राम सरिहट, थाना गोहपारू के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। जप्तसुदा अवैध मादक पदार्थ गांजा एचसीएम को सुपुर्द कर थाना के मालखाना में रखवाया गया। आरोपी को रिमाण्ड पर शहडोल न्यायालय पेश किया गया। बताया गया कि, आरोपी अपने घर के पीछे ही बाड़ी मे मादक पदार्थ गांजा की खेती कर रहा है। जिसकी सूचना पुलिस को मिली। जिसके गोहपारू व कोतवाली थाना टीम संयुक्त रूप से मौके पर पहुंची। जहां टीम ने 16 पेड़ लगे हुए पाया। पेड़ों को उखड़वाकर तौल कराया गया। जिसमें पेंड़ो का वजन करीब 8 किलो 125 ग्राम पाया गया। जिसकी कीमती 40 हजार रुपये आंकी गई है। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी सुभाष दुबे, योगेन्द्र सिंह परिहार थाना प्रभारी कोतवाली, एएसआई बिपिन बागरी, एएसआई भागचन्द्र, एएसआई जयबली सिंह, एएसआई रजनीश तिवारी, प्र.आर. भुनेश्वर सिंह, प्र.आर. मृगेन्द्र सिंह, प्र.आर. महेन्द्र कुशराम, प्र.आर. पुरूषोत्तम सिंह, आर. सतीश सिंह की भूमिका रही।

# नयी दिल्ली 04 जून 2023 IDA गठबंधन के प्रस्तावकों की मीटिंग संपन्न

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

नई दिल्ली। IDA(इंडियन डैमोक्रेटिक एलायंस) प्रस्तावक संघ के थिंक टेंक की चिन्तन बैठक नई दिल्ली के पालम सेक्टर-7 के अम्बेडकर भवन में संपन्न हुई। चिन्तन बैठक में श्री आर.के. कनेठिया, श्री अच्छे लाल, श्री नत्थी सिंह, श्री यादराम तँवर, श्री एम.के. भारती, श्री संजय सागर, श्री सुधीर राज सिंह, श्री एम.के. बौद्ध, श्री रघुराज चौहान, श्री संजय सारश्वत, श्री आर.के. बौद्ध, श्री ठाकुर, श्री भूपेश, श्री एन. के. खेवड़िया, श्री जय भगवान जाटव, श्री अशोक साकेत, श्री महेश पारचा सी बी नरवरिया एवं अन्य गणमान्य बुद्धिजीवियों सहित बहुजन द्रविड़ पार्टी और राष्ट्रीय जनअधिकार पार्टी एवं विभिन्न दलों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों की हिस्सेदारी रही ! 09 प्रदेशों सहित देश के आगामी चुनावों से पूर्व नॉन जनरल के बहुजनों की फेमस पार्टी का IDAगठबंधन में तेजी से एकीकरण करवाने की बात पर जोर दिया गया। प्रदेशों में जिला मुख्यालय की सड़कों पर गठबंधन IDAका प्रचार प्रसार कर, अपनी सरकारें बनवाने का काम करने की बात रखी गई, कुछ को छोड़कर अधिकांश की सहमति IDAके लक्ष्य पर और प्रचार प्रसार के तरीके पर बनी ! IDA गठबंधन के नाम पर लोगों के भ्रम को दूर करते हुये





IDAप्रस्तावक संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय प्रचारक मा. बी. डी. चौधरी ने अपनी सरकारें न बनने के मूलकारण एवं निवारण एवं निवारण के उपाय की जानकारी दी, IDA गठबंधन (इंडियन डेमोक्रेटिक एलाइंस) के मूल उद्देश्य/इशू एवं नॉन जनरल के बहुजनों की सरकारें बनवाने हेतु मूल उद्देश्य को हासिल करवाने के लिये नॉन जनरल के बहुजनों की फेमस पार्टियों का एकीकरण IDAगठबंधन में करवाने के प्रचार को जमीनी हकीकत में करवाना अनिवार्य है, यह बात भी लोगों को समझाई गई, अतः अब हमें अपने अपने जिला मुख्यालय की सड़कों पर समाज को जगाने का काम अभी से करना शुरू कर देना है।

# मेन सड़क के बगल मे रखे पत्थर से टकराई कार, चालक गंभीर



**रोहित तिवारी (शहडोल)।** शहडोल सड़क किनारे रखे पत्थर में टकराने से कार चालक गंभीर घायल हुआ है, सड़क से कुछ फीट की दूरी पर एक बड़ा पत्थर रखा था कार अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई और पलट गई। कार में सवार चालक गंभीर घायल हुआ है।जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के चकोडीया गांव जाने वाले मार्ग में यह हादसा हुआ है, मंगलवार की दोपहर कार क्रमांक सीजी 07 द्व 6280 अनूपपुर जिले के कोतमा से शहडोल आ रही थी तभी चकोडीया गांव के समीप सड़क से कुछ दूरी पर एक बड़ा पत्थर रखा था सामने से आ रहे वाहनों को साइड देते समय कार चालक अपनी कार को पत्थर के समीप ले गया उसी दौरान तेज रफ्तार कार पत्थर से टकरा गई और अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि कार में सवार चालक की जान बच गई है। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस की डायल हंड्रेड घटनास्थल पहुंची स्थानीय लोगों की मदद से कार चालक को कार के बाहर निकाला गया और डायल हंड्रेड पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है जहां कार चालक का उपचार चल रहा है।

# ब्यौहारी पुलिस ने अवैध खनिज का परिवहन करते ट्रैक्टर को किया जप्त

**रोहित तिवारी (शहडोल)**

शहडोल- थाना ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत कल दिनांक को कस्वा भ्रमण के दौरान सूचना मिली झापर नदी से बिना नम्बरी स्वराज ट्रैक्टर से रेत का अवैध उतखन्न कर परिवहन किया जा रहा हैं ! सूचना पर ब्यौहारी पुलिस द्वारा कायवाही करते हुए आरोपी नेवाज कोल पिता रामकेश कोल निवासी ग्राम रसपुर के कब्जे से बिना नम्बरी ट्रेक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक राकेश द्विवेदी के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधि0 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ! उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यौहारी मो. शमीर के नेतृत्व में उनि0 मोहितलाल सोनवानी, आर0 संजय द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही !



# महिला की हत्या के आरोपियों को लीमा चौहान पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

दिनांक 29.05.23 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पाडल्या माताजी में कृष्णा बाई पति अशोक नायक की संदिग्ध अवस्था मे मृत्यु हो गई है उक्त सूचना कि तस्दीक हेतु लीमाचौहान पुलिस टीम कृष्णाबाई नायक के घर ग्राम पाडल्या माताजी पहुंचा जहां पर मृतिका का शव जमीन पर चद्दर के ऊपर रखा हुआ था, मृत्यु के संबंध मे मर्ग क्रमांक 10/23 धारा 174 जाफौ का कायम कर जांच में लिया गया दौराने मर्ग जांच मृतिका के पिताजी मोहनसिंह नायक, माताजी भंवरीबाई नायक, भाई प्रेमसिंह नायक व पप्पू सिंह नायक, मृतिका के ससुर गोपालसिंह नायक, देवर अनिल नायक ने बताया कि मृतिका कृष्णा बाई का पति अशोक नायक एवं सास जशोदाबाई द्वारा आये दिन मृतिका कृष्णा बाई के साथ मारपीट कर परेशान करते थे घटना दिनांक 29/05/23 को भी अशोक नायक एवं सास जशोदाबाई द्वारा मृतिका कृष्णा बाई के साथ मारपीट की थी व बताया कि अशोक नायक एवं सास जशोदाबाई द्वारा ही कृष्णा बाई को जान से मारा है एवं शासकीय अस्पताल सारंगपुर से मृतिका कृष्णाबाई की पीएम रिपोर्ट प्राप्त की जिसमे डॉक्टर की टीम के द्वारा मृतिका की मृत्यु अर्थात गला घोंटने के कारण श्वासवरोध होने से मृत्यु होना बताया। साक्षीयान के कथन, पीएम रिपोर्ट एवं संपूर्ण मर्ग जांच पर से मृतिका के पति अशोक नायक उम्र 34 साल एवं सास जशोदाबाई नायक उम्र 51 साल निवासी रावण बडली पाडल्या माताजी थाना लीमाचौहान के विरुद्ध अपराध धारा 302, 34 भादवि का पाया जाने से अपराध क्रमांक 107/22 का कायम कर विवेचना में लिया गया है। घटना की संपूर्ण जानकारी से थाना प्रभारी लीमा चौहान निरीक्षक रामवीर सिंह परिहार के द्वारा वरि?ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ




श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में थाना प्रभारी लीमाचौहान के द्वारा उनि अभय सिंह के नेतृत?व में आरोपियों को गिर. करने हेतू पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम को दिनांक 05/06/23 को जरिये मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अशोक नायक एंव जशोदाबाई नायक नि.रावण बडली पाडल्या माताजी घर से भागने की फिराक में है यदि तत्काल दबिश दी जाये तो पकडा जा सकता है नही तो वे दोनो फरार हो जायेंगे। उक्त मुखबीर सूचना पुलिस टीम आरोपियान के घर रावण बडली पहुंचे जहां पर आरोपियान अशोक नायक एंव जशोदाबाई ने पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास किया जिन्हे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बामुश्कील पकडा। आरोपियान से अपराध सदर के बारे मे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। जिसमे आरोपी अशोक द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नि मृतिका कृष्णाबाई मुझसे व मेरी मम्मी जशोदाबाई से आये-दिन किसी न किसी बात पर झगडा करती रहती थी। दिनांक 29.05.23 को मैं ड्रायवरी कर घर सुबह करीबन छह बजे घर आया जब से हमारा झगडा चल रहा था तो मैने मेरी पत्नि कृष्णाबाई को मारा था, मेरी मम्मी जशोदाबाई भी वहां पर आ गई थी, तो मेरी पत्नि कृष्णाबाई ने मेरी मम्मी को अनाप-शनाप बोल दिया था जो मेरी मम्मी ने भी मेरी पत्नि को मारा था तभी मेरे पिताजी और मेरा भाई अनिल वहां पर आ गया था जिन्होने बीच-बचाव किया था। उसके बाद शाम करीबन साढे चार-पौने पांच बजे मेरी पत्नि और मेरी मम्मी मेरे घर के पीछे वाले कमरे मे फिर से झगडा हो गया था, तो मैने और मेरी मम्मी ने फिर मेरी पत्नि को मारा था, मैने वहीं घर मे रखे दराते से कृष्णा को मारा जिससे उसके सिर मे चौट लगकर खून निकलने लगा वह नीचे गिर गई तो मैने कपडे के दुपट्टे से उसका गला दबा दिया जिससे वह मर गई। मेरी मम्मी जशोदाबाई ने वही पर पलंग पेटी पर रखे टावेल से नीचे गिरे खून को साफ कर दिया था और जिस दुपट्टे से मैने कृष्णा का गला दबाया था वह पास मे लगे हुए उनके घर मे छुपा कर आ गई थी, मैने जिस दराते से कृष्णाबाई को मारा था वह मेरे घर के कमरे मे रखी पलंग पेटी के नीचे छुपाकर रख दिया। फिर हमने घर से बाहर आकर चिल्लाना शुरु कर दिया कि कृष्णा ने फांसी लगा ली है। आरोपियों से घटना में प्रयुक?त अलजरार व अन?य सामग्री जप?त की गई। गिरफ्तार शुदा आरोपीगण अशोक, जशोदाबाई को माननीय जेएमएफसी न्यायालय सारंगपुर के समक्ष जेआर पर पेश किया माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा जेआर स्वीकृत कर आरोपी अशोक का उपजेल सारंगपुर एवं आरोपिया जशोदाबाई का जिला जेल राजगढ़ के जेल वारंट बनाये बाद आरोपियान को जेल दाखिल किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना लीमाचौहान निरीक्षक रामवीरसिहं परिवार, उनि.अभयसिंह हमराह प्रआर. 761 रामदास सोलंकी आर. 659 दिवाकर वर्मा आर.710 पंकज चौखटि, सैनिक 233 वीरपाल सिंह मआर 898 प्रिया जादौन, म.आर.901 प्रियंका द्विवेदी का योगदान रहा।

# न्यायाधीशों द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने न्यायालय परिसर में बांधे जल पात्र

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

जंगल, जंगल, जमीन, जन और जानवर पंच- ज के इन मुख्य पांच तत्वों को संरक्षित बनाये रखना हम सभी की जबावदारी है, बढ़ते प्राकृतिक असंतुलन, वायुमंडलीय दबाव को कम कर प्राकृतिक संतुलन बनाया जाना वर्तमान की विशिष्ट मांग है। इसी परिपेक्ष्य में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री रत्नेश चंद सिंह बिसेन के मार्गदर्शन एवं सचिव श्रीमती मीनल श्रीवास्तव के तत्वाधान में 11 जून, 2023 तक पर्यावरण के संरक्षण एवं संर्वधन हेतु सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। आमजनों को प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित कर संवर्धन जानकारी देने व जागरूक करने के उददेश्य से सप्ताहिक अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत भीषण गर्मी के प्रकोप एवं गर्मियों में जल के स्त्रोतों



में पानी के अभाव से पक्षियों को होने वाली परेशानी से छुटकारा दिलाये जाने के प्रयास स्वरूप जिला न्यायालय परिसर राजगढ़ में न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशगणों द्वारा परिसर में स्थित पार्क में मिट्टी के जल पात्रों को बांधकर पानी भी भरा गया। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को प्रतिदिन पात्रों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित भी किया गया। साथ ही आमजनों से अपील की गई पक्षी भी पंच-ज अंतर्गत निहित तत्व जन में वर्णित हैं, उनकी भाषा हम भले ही न समझें लेकिन उनकी जान को मोल तो समझ ही सकते हैं, पक्षियों की जान का संरक्षण करना पुण्य कार्य है। जागरूकता कार्यक्रम में न्यायालय में पदस्थ कुटुम्ब न्यायाधीश श्री संजय पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश सुश्री निवेदिता मुद्गल, जिला न्यायाधीश श्री अब्दुल कदीर मंसूरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शबनम कदीर मंसूरी, व्यवहार न्यायाधीश श्री सचिन जैन एवं समस्त प्रशिक्षु न्यायाधीश सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिमोन सुलिया तथा पैरालीगल वालेंटियर्स व कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कव्वाली कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे जिले के कप्तान

**रोहित तिवारी (शहडोल)**

शहडोल/धनपुरी ! कौमी एकता की मिसाल बन चुकी आस्ताना हज़रत बाबा गुल मोहम्मद शाह की दरगाह में आयोजन समिति के द्वारा बीते 23 वर्षों से निरंतर सालाना उर्स एवं शानदार कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जाता है इस वर्ष आयोजन समिति के द्वारा 20 जून दिन मंगलवार को चादर पोशी एवं 21 जून दिन बुधवार को शानदार कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ! देश के ख्याति प्राप्त कव्वाल अनीस नवाब अपनी शानदार प्रस्तुति देने के लिए अहमदाबाद गुजरात से धनपुरी नगर आ रहे हैं ! 21 जून दिन बुधवार को आयोजित होने वाले कव्वाली कार्यक्रम में शहडोल जिले



के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे ! दरगाह के प्रमुख व्यवस्थापक रज्जाक अली ने जानकारी देते हुए बताया कि कौमी एकता की मिसाल बन चुकी आस्ताना हज़रत बाबा गुल मोहम्मद शाह की दरगाह में आयोजित होने वाले शानदार कव्वाली कार्यक्रम में जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक की मौजूदगी कार्यक्रम की शान में चार चांद लगाएगी ! हम सभी को उनके कार्यक्रम में आने का बेसब्री से इंतजार है ! ज्ञात हो कि कौमी एकता की मिसाल बन चुकी दरगाह में आयोजित होने वाले सालाना उर्स एवं कव्वाली कार्यक्रम की अध्यक्षता धनपुरी नगर के वरिष्ठ समाजसेवी नगर पालिका धनपुरी के उपाध्यक्ष हिंदू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल कर रहे हैं ! शानदार कव्वाली कार्यक्रम में स्पेशल ब्लास्ट्स कंपनी रायपुर के डायरेक्टर राजीव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम का इंतजार धनपुरी नगर की जनता के साथ साथ शहडोल, उमरिया, पाली, नरोजाबाद, चंदिया, कटनी, अनूपपुर, बिजुरी, जमुना, कोतमा, भालूमाड़ा, बैकुंठपुर गौरेला, पेंड्रा, बिलासपुर के कव्वाली प्रेमी श्रोता बेसब्री से कर रहे हैं ! कौमी एकता की मिसाल बन चुकी बाबा की दरगाह में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म एवं पंथ के लोग मिलकर सालाना उर्स एवं कव्वाली कार्यक्रम आयोजित करते हैं !

# भारत गौरव रत्न श्री सम्मान डॉ विजय कुमार को मिला

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

दिल्ली। डॉ गुंडाल विजय कुमार को दिल्ली में भव्य समारोह में भारत गौरव रत्न श्री और वराल्ड पीस अम्बेसडर सम्मान से पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स पोटेक्शन कमीशन ने प्रदान किया है। अहिंदी भाषा प्रान्त में हिंदी प्रचार के लिए यह पुरस्कार डॉ गुंडाल विजय कुमार को मिला है। वर्डल ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन वालों ने ये पुरस्कर दिया है। सरकार के कुछ महान लोगों ने इस अवसर पर उपस्थिति दर्ज कराई है व उड़ीसा रेल हादसे की वजह से कुछ अतिथि नहीं आ पाये। दक्षिण भारत में कम से कम 5000 हजार छात्रों को विजय कुमार हैदराबाद तेलंगाना ने हिंदी सिखाया है। हिंदी प्रचार का कार्य लगबग 15 साल से कर रहे है। गुरु संगम त्रिपाठी जी की प्रेरणा से हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए सारे देश के साथ साथ दक्षिण भारत में विशेष रूप से काम कर रहे। डॉ गुंडाल विजय कुमार ने अपने सारे कार्यों को अपने माता पिता पत्नी बच्चों राघवेन्दर, रमण श्री, उमा महेश्वरी, अभिज्ञ श्री, सुप्रज्ञ श्री को समर्पित किया है। डॉ विजय कुमार हैदराबाद तेलंगाना अपने सारे कार्य छोड़ कर हिंदी प्रचार प्रसार में दिन रात लगे हैं। हिंदी के वर्तमान स्थिति को देखते हुए बहुत दुखी है व कवि संगम त्रिपाठी संस्थापक प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। डॉ विजय कुमार जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी के लिए अधिकांश लोग सिर्फ पुरुस्कार पाने के लिए काम कर रहे है जो कि हास्यास्पद सा लगता है। लोग ईमानदारी से हिंदी के लिए काम करे तो हिंदी राष्ट्रभाषा बने और रोजगार की भाषा बने। आज देश में हिंदी पढ़े लिखे लोग बेरोजगार भटक रहे है व दर दर की ठोकरें खा रहे हैं जो कि नहीं होना चाहिए।




# छ. ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ सोनहत ब्लाक इकाई की बैठक वनविभाग के आनंदपुर नर्सरी में सपन्न

उमेश तिवारी (कोरिया /सोनहत)

कोरिया /सोनहत। जिलाध्यक्ष सुरेश मिनोचा के मार्गदर्शन एवं ब्लाक अध्यक्ष उमेश तिवारी के अगुवाई में छ. ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ सोनहत ब्लाक इकाई बैठक वनविभाग के सोनहत ब्लाक के कटगोड़ी स्थित आनन्दपुर नर्सरी में बैठक आहूत की गई। जिला अध्यक्ष सुरेश मिनोचा के साथ प्रदेश संगठन मंत्री कृष्णा सिंह (बाबा) प्रदेश कार्य समिति सदस्य खगेन्द्र यादव सम्भाग अध्यक्ष विवेकानंद पांडे की गरिमा मयी उपस्थित में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम सभी अतिथियों का सोनहत ब्लाक इकाई के सदस्यों के द्वारा स्वागत किया गया सभी सदस्यों का आपसी परिचय कराया गया परिचय उपरांत ब्लाक अध्यक्ष उमेश तिवारी ने स्वागत उद्बोधन दिया सभी उपस्थित पदाधिकारियों का बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आज के बैठक की अध्यक्षता सम्भागा अध्यक्ष विवेकानंद पाण्डे नें किया मंच संचालन का दायित्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य खगेन्द्र यादव ने सम्भालते हुए बैठक की कार्यवाही सुचारू रूप से सम्पादित कराया उपस्थित सभी संगठन के सभी सदस्यों को खुला मंच प्रदान करते हुए संगठन को किस तरह से मजबूती प्रदान की जाए इसके लिए सभी सदस्यों से सुझाव मांगे गए और फील्ड में होने वाली परेशानियों से अवगत कराने कहा गया सभी उपस्थित साथियों ने अपने अपने सुझाव रखे कुछ परेशानियों से भी अवगत कराया। बैकुंठपुर ब्लाक अध्यक्ष ने सुझाव देते हुए संगठन की ओर से स्कूली बच्चों के लिए एजुकेशन अवेर्नेस प्रोग्राम कराने की बात कही जिससे जिले के स्कूली बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और संगठन का प्रचार प्रसार होगा इस दिशा में अपनी बात रखी। तो वहीं पर सम्भाग अध्यक्ष विवेकानंद पांडे ने आपस में प्रति महीने एक निश्चित राशि संकलन करने की बात कही जिससे विषम परिस्थिति में हम अपने साथयों की मदद कर सकें इस दिशा में काम करने की बात कही। जिसे प्रदेश पदाधिकारीयों ने गम्भीरता से सुना और सार्थक पहल कर परेशानियों को दूर करने की बात कही बैठक उपरांत सभी पत्रकारों ने आनंदपुर नर्सरी में भृमण कर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया और कोरिया वनमण्डल द्वारा निर्मित नर्सरी का खूब सराहना किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री कृष्णा सिंह (बाबा)प्रदेश कार्य समिति सदस्य खगेन्द्र यादव , सम्भाग अध्यक्ष विवेकानंद पांडे, जिलाध्यक्ष सुरेश मिनोचा ,ब्लाक अध्यक्ष सोनहत उमेश तिवारी,ब्लाक अध्यक्ष बैकुण्ठपुर शहजाद अंसारी, जनकपुर ब्लाक अध्यक्ष सतीश मिश्रा, विष्णु केशरवानी, रामकृपाल प्रजापति, रूपेंद्र यादव ,भैयालाल राजवाड़े,मान सिंह बालन्द एवं अन्य पत्रकार साथीगण उपस्थित रहे।






# खोडरी के पुजारी की मौत मामले में कोतमा पुलिस के विरुद्ध जांच की मांग

वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)

अनूपपुर। कोतमा पुलिस की अपमान जनक कार्यवाही से दुखी खोडरी मन्दिर के पुजारी रामेश्वर पाण्डेय द्वारा प्राणत्याग से अनूपपुर जिले में भारी नाराजगी है। 6 जून , मंगलवार को जिले के सर्व दलीय समाज ने मामले की निष्पक्ष जांच, कार्यवाही और मृतक पुजारी की दत्तक पुत्री के भरण पोषण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अनुपस्थिति में संयुक्त कलेक्टर अजय तिर्की को पत्र सौंपा। अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, चचाई, फुनगा, जैतहरी, डोला, डूमरकछार, बनगंवा, पसान सहित खोडरी, जर्राटोला, लामाटोला, देवगंवा, बेलियाबडी, कोठी, निगवानी, मौहरी से आए अखंड ब्राम्हण समाज के साथ अन्य समाज के गणमान्य लोगों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सामतपुर हनुमान मन्दिर परिसर में एकत्र होकर पुलिस प्रशासन की कार्यवाही को असंतोष जनक बतलाते हुए नाराजगी व्यक्त की। जिला पंचायत कार्यालय के सामने से कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन करते हुए मनोज द्विवेदी, राजेश पयासी, मनोज मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, सुभाष चतुर्वेदी, गणेश शर्मा, रामनारायण उर्मलिया, दीपक पाण्डेय, रामनारायण द्विवेदी, दीपक शुक्ला, चैतन्य मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, भूपेश शर्मा, सुधाकर मिश्रा, संदीप गर्ग,गोविन्द पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, रामनारायण पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, राजू पाण्डेय, कृष्णा, अरविन्द मिश्रा, दिनेश मिश्रा,



राकेश गौतम, अर्चना मिश्रा, सुमिता शर्मा, मीनू मिश्रा , कामता उपाध्याय, अशोक द्विवेदी, रविकरण त्रिपाठी, प्रकाश मिश्रा,राम खेलावन तिवारी,राम सजीवन शर्मा, पंडित राम नारायण पांडे पंडित अरुण दुबे, आशुतोष शुक्ला , सुधाकर द्विवेदी , राजमणि तिवारी, धीरज तिवारी ,ओम प्रकाश शास्त्री , कान्हा पांडे , राजकुमार शुक्ला, रजनीश तिवारी,तीरथ शुक्ला , कामता उपाध्याय अशोक प्रदीप उपाध्याय , अर्चना मिश्रा,राम लखन शिव शर्मा, देवेन्द्र मिश्रा,प्रदीप मिश्रा, मीनू तिवारी, मंडल महामंत्री पसान महिला मोर्चा, मालती जी ,मण्डल मंत्री, शालिनी जी , उपाध्यक्ष महिला मोर्चा ,शकुंतला यादव , बीजेपी, महिला मोर्चा ,प्रीती जी, मंडल मंत्री, बीजेपी महिला मोर्चा शकुन जी ,वार्ड पार्षद, उषा जी, राजू जी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी बीजेपी के साथ अन्य लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से पत्र सौंप कर मांग की कि 31 मई 2023 को एक महिला की संदिग्ध शिकायत पर बिना प्रकरण दर्ज किये और बिना समुचित जांच के कोतमा पुलिस द्वारा ग्राम खोडरी क्र 1 के एक पुजारी रामेश्वर पाण्डेय को देर रात तक थाने में अपमानित करते हुए लाक अप में बन्द करने से आहत उक्त पुजारी द्वारा इसी सुबह आत्म हत्या कर ली गयी। जिस पर पुलिस द्वारा पहले लीपापोती की गयी। बाद में केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के साथ समाज की नाराजगी उपरांत नगर निरीक्षक अजय बैगा को निलंबित किया गया। हम और जिले के तमाम सामाजिक संगठन पुलिस और प्रशासन की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हैं। इस पत्र के द्वारा कलेक्टर अनूपपुर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी से आग्रह है कि –

पुजारी की दत्तक अनाथ बेटी के पालन, पोषण, शिक्षा, विवाह हेतु सभी आवश्यक प्रक्रिया सरकार पूरा करे और सुश्री संस्कृति गर्ग को पचास लाख रुपये प्रदान किया जाए। जांच में दोषी पाए जाने के बाद तत्कालीन थाना प्रभारी अजय बैगा एवं अन्य के खिलाफ अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जाये तथा अत्महत्या अपराध धारा 306 आई.पी.सी. में पंजीबद्ध किया जाये व गिरफ्तार किया जाये। पुजारी के विरुद्ध कोतमा पुलिस की निष्पक्ष सक्षम जांच कर के दोषियों के विरुद्ध सक्त कार्यवाही किया जाय। झूठी शिकायतकर्ता महिला व उसके सहयोगियों के विरुद्ध सक्त कानूनी कार्यवाही किया जाय जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासन के प्रतिनिधि के रुप में श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री एवं अन्य संबंधितों को पत्र प्रेषित करने का आश्वासन दिया है।

# मंडल के अनूपपुर के रेलवे अधिकारी कर्मचारी विश्राम गृह में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का उठाए लाभ : नसीर राजा

वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)

अनूपपुर । रेलवे श्रमिक यूनियन अनूपपुर शाखा के अध्यक्ष नसीर राजा ने सभी रेल अधिकारी एवं कर्मचारियों से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम अपील किए हैं कि मंडल रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने तथा उन्हें स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाता है । इसी संदर्भ में मंडल के अनूपपुर के रेलवे अधिकारी विश्राम गृह में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा । आज दिनांक 07 जून 2023 को सुबह 09.30 से शाम 04 बजे तक आयोजित इस शिविर में बिलासपुर रेलवे चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशयन द्वारा जांच व परामर्श दी जाएगी 7 शिविर में रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की शुगर, बीपी एवं ईसीजी आदि की भी जांच की जाएगी तथा दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाएगी 7 इस दौरान विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग भी की जाएगी। अतः समस्त रेलवे कर्मचारी अधिकारी से यूनियन अपील करता है कि अपने एवं परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठावे ।



# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

शहडोल। आज कमिश्नर कार्यालय के सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर दराज क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में उमरिया जिले के ग्राम चंदानिया विकासखण्ड पाली निवासी किब्रिया उल हक ने आवेदन देकर बताया कि मेरी पत्नी ताहिरा बेगम, प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थी, जिनकी मृत्यु कारोनाकाल में 16.7.2021 को हो गई । उसके पश्चात मैं अपने पुत्र नूमान उल हक के अनुकम्पा नियुक्त का आवेदन पत्र दिनांक 6.9.2021 को सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग उमरिया म0प्र0 मे समस्त अभिलेखों के सहित प्रस्तुत किया गया परन्तु अभी तक अनुकंपा नियुक्त नही दिया गया है। उनका कहना था कि अनुकंपा नियुक्त प्रदान की जाएगी। जिस पर उपायुक्त राजस्व ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में श्रीमती मंगला तिवारी निवासी धनपुरी जिला शहडोल ने आवेदन देकर बताया कि प्रार्थी मंगला तिवारी स्व. जनार्दन तिवारी की पत्नि हूँ। मेरे पति का ब्रेन हेमरेज एवं तीन माह कोमा में रहने के बाद देहांत हो गया। मेरे पति श्री इवकल) जर्नादन तिवारी गणेश हायर सेकेन्ड्री स्कूल धनपुरी नं. 3 प्राइवेट स्कूल में पदस्त थे। दिनांक 21.03.2002 निकायाधीन किया गया था एवं 01.04.2007 से प्राचार्य पद के न्यूनतम वेतन मान में शासन द्वारा फिक्स किया गया था।




# श्री टीकाराम कोरी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन

मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल

गाडरवारा। गत दिवस जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अमानत शाखा गाडरवारा में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ श्री टीकाराम कोरी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बैंकिंग स्टाफ के साथ विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं व सामाजिक संगठनों के सदस्यों व पदाधिकारियों ने शाल श्रीफल व उपहार भेंट कर बधाई प्रेषित की। इसके साथ ही स्थानीय बृजधाम मैरिज हॉल गाडरवारा में टीकाराम कोरी जी के सेवानिवृत्त होने पर परिवार द्वारा विदाभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक जनों मित्रों रिश्तेदारों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा शॉल, श्रीफल व उपहार देकर सम्मानित किया गया। बिदित हो कि आपने जनवरी 1990 में समिति प्रबंधक के पद से अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत कर अपनी योग्यता एवं कार्य कुशलता से शाखा प्रबंधक के पद तक का सफर तय किया।आपने नरसिंहपुर जिला अंतर्गत विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। और मई 2023 में सेवानिवृत्त हुए। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने कोरी जी के मिलनसार एवं कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव से प्रेरित होकर अपने विचार व्यक्त कर शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त अवसर पर महेंद्र कोरी(रिंकू) नरेंद्र कोरी, गजेंद्र कोरी, दिमाग चंद्र कोरी, डॉ. अरुणेंद्र कोरी,प्रेम कोरी, भगवान दास कोरी,चंचल कोरी(पार्षद),उमेद अहिरवार,अभिषेक सराठे,कमलेश बैरागी, दिनेश कोरी संतोष कोरी, के साथ म.प्र.अजाक्स जिला नरसिंहपुर एवं तह इकाई गाडरवारा के पदाधिकारियों जिनमें जे. एस धुर्वे,जिलाध्यक्ष अजाक्स, नंदलाल अहिरवार, बिरजू जाटव, धनीराम कोरी, मलखान मेहरा,रोहित जाटव, राजकुमार ठाकुर,संतोष अहिरवार,कैलाश अहिरवार,परसराम अहिरवार,गुड्डू कोरी, नंदकिशोर कोरी, भोलाराम कोरी,दिलीप कोरी, हेमंत कोरी, संजय कोरी, अजय कोरी, अमित कोरी, राजेश कोरी,संदीप कोरीके साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बंशीलाल अहिरवार तह. अध्यक्ष म. प्र. अजाक्स गाडरवारा एवं मानक लाल अहिरवार प्रवक्ता अजाक्स गाडरवारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में चंचल कोरी स्थानीय पार्षद एवं सभापति राजस्व नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा उपस्थित सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया गया।



## चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सीएमएचओ ने किया पुरस्कृत

**कैलाश कुमार-सह संपादक (युवाप्रदेश)**



**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम स्नेही पांडेय के मार्गदर्शन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गत 31 मई को तंबाकू, सिगरेट एवं गुटखा आदि के दुष्पपरिणामों से रूबरू कराने एवं जागरूकता करने के उदेश्य से जिला महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। आज उक्त चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने पुरूस्कृत किया। विजेताओं सुश्री सुलेखा मरावी प्रथम, सुश्री दीपिका आदिवासी द्वितीय, सुश्री अनीता त्रिपाठी एवं सुश्री शालिनी पटेल तृतीय के नाम शामिल है। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी तंबाकू नियंत्रक डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ.अंशुमन सोनारे,, प्रभारी प्राचार्य प्रशिक्षण केन्द्र श्रीमती टी सुखनंदन मीडिया प्रभारी श्री धीरेंद्र श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन श्री रोहित पालीवाल श्री रोहित पालीवाल उपस्थित थें।

# संत कबीर दास जी महाराज की 626 वी जयंती का आयोजन आगा चौक जबलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

जबलपुर। संत कबीर दास जी महाराज समारोह समिति जबलपुर के तत्वाधान में दिनांक 4 जून 2023 को संत कबीरदास जी की 626 वी जयंती का सफल आयोजन श्री संतोष झारिया के निवास स्थान आगा चौक जबलपुर मैं संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर कैंट क्षेत्र के विधायक श्री अशोक रोहाणी जी थे। अतिथि द्वय श्री रिंकू विज नगर निगम अध्यक्ष और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जबलपुर अध्यक्ष शिवा चौधरी थे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री निशान्त झारिया पार्षद रांझी और संदीप जैन समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एन पी झारिया ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने संत कबीरदास जी द्वारा बताए मार्गों पर चलने की बात की और अतिथियों ने बताया कि कबीर दास जी ने आज जो हो रहा है उसकी परिकल्पना 600 वर्ष पूर्व ही कर दी थी । समाज की ओर से वक्ता डॉ.भगवत झारिया ने अपने विचार रखते हुए कबीर दास जी के दोहे जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान पर व्याख्यान देते हुए



कहा कि ज्ञान ही सर्वोपरि है ज्ञान देने वाला व्यक्ति किसी भी जाति या समाज का हो सकता है। इस अवसर पर समिति सदस्यों की ओर से समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल देकर और पुष्पमाला पहना कर सम्मान किया गया। समिति के संयोजकगण गणेश सिंह झारिया , अजय झारिया , संतोष झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत झारिया,वृंदावन झारिया सीएल झारिया, देवेंद्र झारिया ,भीकम झारिया,टी एस पंवार ,राजकुमार झारिया मुकेश झारिया, श्रीमती राधा झारिया, श्रीमती आरती झारिया,महेंद्र सिंह झारिया, मुन्नुलाल झारिया, हरि मेहरा, उपस्थित हुए। तथा विभिन्न समितियों की ओर प्रकाशचंद हल्दकार, रामप्रसाद हल्दकार, सुखदीन कटारे, बाबूलाल रैकवार, वैद्यनाथ पटेल,मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन अजय झारिया और आभार प्रकट श्री संतोष झारिया ने किया।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया पौधारोपण

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



**शहडोल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांशु चंद्र ने शिव साधना आरोग्यधाम देवगवां में आम का पौधरोपण किया। पौधरोपण कर सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि भौतिकता के लिए धरती माँ से अन्याय किया गया है। धरती माता के अंधाधुंध शोषण के परिणामस्वरूप मौसम चक्र बदला है। हम अपनी जीवन-शैली में थोड़ा सा बदलाव कर और पौधे लगा कर धरती की सेहत को बेहतर कर सकते हैं। हमें अपने जन्म-दिवस, विवाह वर्षगाँठ, परिजन की स्मृति और अपनी उपलब्धियों पर पौधे लगाने को अपनी आदत बनाना होगा। साथ ही बिजली, पानी की बचत और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने का संकल्प लेकर भी हम पर्यावरण-संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एमपी सिंह एपीओ सोहागपुर अनुराग निगम एवं उपयंत्री तथा सरपंच सचिव रोजगार सहायक और ग्रामीण जनो ने भी पौधरोपण किया।

# कुरवाई नगर परिषद में भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ संपन्न

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

नगर परिषद कुरवाई द्वारा कायाकल्प अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 मालीपुरा से होकर ज्यारत वाली मस्जिद से मैन बाजार होते हुये अन्नते बब्बा वार्ड क्रमांक 08 के चूबतरे तक तथा वार्ड क्रमांक 13 में श्री राकेश राय के मकान से वार्ड क्रमांक 14 में श्री बल्लू टेंशन के मकान तक डामरीकरण /सीसी रोड निर्माण





कार्य का भूमि पूजन आज दिनाकं 4.6.23 दिन रविवार को शाम 5.30 बजे गांधी चोक पुराने थाने के सामने मेन बाजार कुरबाई मे माननीय विधायक हरि सिहं जी सप्रे के मुख्य आतिथ्य एवं आयशा हसरुद्दीन खान की अध्?यक्षता मे आयोजित किया गया कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रुप मे नगर परिषद कुरवाई उपाध्?यक्ष इरफान काजी जी,विधायक प्रतिनिधि सीताराम सेनी जी,पूर्व नगर परिषद अध्?यक्ष गिरजेश साहू जी,पूर्व नगर परिषद अध्?यक्ष प्रतिनिधी जगदीश साहू जी,वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद हसरुद्दीन खान साहब,वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद इल्यास मोहम्मद 'इल्लो भाई' पार्षद प्रतिनिधीगण- लाल मिया 'लालू पेटंर'वार्ड 4, जफर शेख वार्ड 5, काशिफ खान 'अन्नु'वार्ड 6, राकेश राय वार्ड 13,जनपद सदस्य प्रतिनिधी दीपचंद सप्रे,लोकतंत्र सेनानी रतिराम साहू जी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजमल जी जैन,अ.जाति मोर्चा जिला अध्?यक्ष रवि पंथी जी,नगर संयोजक हेमन्त राय,पत्रकारगण अभिकल्प राय,दिनेश साहू,ठेकेदार अय्युब खान, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मो.यासिर खान,इजीनियर गोरव कुमार,समस्त नगर परिषद कुरवाई के कर्मचारीगण-नागरिकगण आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक विनोद जी जैन एवं आभार नगर परिषद कुरवाई के वरिष्ठ कर्मचारी रशीद अली द्वारा व्यक्त किया गया।

## पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**



**अनुपपूर।** विष्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज दिनांक 05.06.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर अनूपपुर में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अति0पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल, रक्षित निरीक्षक अनूपपुर अमिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा इस अवसर पर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अत्यधिक संख्या में वृक्षारोपण करने के हेतु निर्देषित किया गया था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को अत्यधिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण की महत्ता के बारे में बताया गया एवं यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में मानव जीवन के साथ पर्यावरण का संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है, हमें पर्यावरण को बचाने के लिए अत्यधिक संख्या में पेड़ लगाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा आमजन से भी अत्यधिक संख्या में वृक्षारोपण करने की अपील की।

## कागजी वृक्षारोपण के नाम पर लोकनिधि का व्यय देशहित के विरुद्ध : श्रीधर शर्मा

**अमरकंटक।** अनूपपुर जिले की धर्म नगरी से जब कोई आवाज़ उठती है तो उस आवाज़ का जनता की आवाज़ होना लाज़िमी है। पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर आवाज़ बुलंद करते हुए वृक्षारोपण के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम छेड़ दी है। श्री शर्मा ने एस ई सी एल बिलासपुर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष, सह प्रबंध




निदेशक डॉ प्रेम सागर मिश्रा को पत्राचार कर जानकारी मांगी है कि एस ई सी एल के द्वारा तीन करोड़ पौधों के रोपण करने का कथन किया गया है, तो आखिर आपके द्वारा रोपित किए गए ये तीन करोड़ पौधे कहां रोपित किए गए हैं? श्री शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कागजी वृक्षारोपण कर लोक निधि का इस प्रकार से व्यय किया जाना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। श्री शर्मा ने एस ई सी एल पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि आपके द्वारा जंगलों को नुकसान पहुंचा कर केवल अपने उत्पादन पर जोर दिया जाता रहा है और पर्यावरण को लेकर सदैव लापरवाही बरती गई है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर आने वाली निधियों इस प्रकार से दुरुपयोग बंद होना चाहिए। जिस प्रकार से एस ई सी एल ने पर्यावरण को क्षति पहुंचाई है, वो अक्षम्य है। श्री शर्मा ने अध्यक्ष, सह प्रबंध निदेशक एस ई सी एल बिलासपुर, छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर जॉच कराए जाने और जॉच उपरांत इसकी विधिवत जानकारी की मांग की है। श्री शर्मा ने कहा कि यदि इसी प्रकार से हम पर्यावरण के प्रति लापरवाह रहे, तो वो दिन दूर नहीं, जब हमें सांस लेने के लिए प्राणवायु के लिए सिलिंडर की आवश्यकता होगी और समूचे धरातल पर त्राहि त्राहि की स्थिति उत्पन्न होगी।

# नारी सम्मान योजना के संबंध मैं कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ सम्मानीय एवं छोटे कार्यकर्ताओं के साथ रखा कार्यक्रम।



**रमेश कुमार अहिरवार**

पिपरिया। 139 विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम आज बनखेड़ी में पिपरिया विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दिल्ली एवं पर्यवेक्षक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम माननीय सुभाष चोपड़ा जी पिपरिया विधानसभा के कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों से विधानसभा चुनाव के संबंध में चर्चा की एवं समस्त बरिष्ठ कांग्रेसियों सभी बिगो के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से नारी सम्मान योजना के सम्बंध में चर्चा की। जिसमें सभी ब्लॉक अध्यक्ष गण, नगर अध्यक्ष गण,पूर्व अध्यक्ष गण,मंडलम अध्यक्षगण,समस्त सेक्टर अध्यक्ष गण,यूथ कांग्रेस, सेवादल, एवं सभी बिंगो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्यरुप से उपस्थित हुए।

# अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति की बैठक संपन्न

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष विकास ताम्रकार का कार्यकाल समाप्ति होने पर सभी पत्रकारों के सहमति से अपने जिला अध्यक्ष का पदभार प्रवीण चन्द्रवंशी को जिला अध्यक्ष का पद भार सौंपा है। दिनांक 03 जून 2023 को प्रवीण चंद्रवंशी के अध्यक्षता में अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति की बैठक मन्दाकनी होटल अनूपपुर में आयोजित की गई जिसमें अनूपपुर जिले के सभी ब्लाकों के पत्रकार गण बैठक में उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद्रवंशी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पद की गरिमा रखते हुए क्षेत्र में पत्रकारों के हित पर कार्य करूंगा । अपने दायित्वों



का संपूर्ण निर्वाहन कर जन-जन की सेवा में समर्पित रहूंगा। मुझे समिति ने जो दायित्व सौंपा है, उसकी हर दायित्व का भली-भांति निर्वाहन करूंगा। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस बैठक में समिति के अनूपपुर जिले में विस्तार किया जाएगा। प्रवीण चंद्रवंशी ने दूसरी बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अनूपपुर जिले में अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति का अपने पूर्ण रूप से दायित्व निभाने वाले पत्रकारो को सौंपा जाएगा । प्रवीण चन्द्रवंशी ने सर्वसम्मति से अनूपपुर जिले का जिला संगठन मंत्री अरविंद प्रसाद केवट को मनोनीत किया है। संगठन मंत्री बनने पर पत्रकारों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके मनोकामना की कामना की है। एवं अनूपपुर ब्लॉक अध्यक्ष की दायित्व मिथलेश कुमार सोनी को सौंपा है। और कहा कि शीघ्र ही समिति का विस्तार कर आगे कार्य करने वाले व्यक्तियों को समिति का दायित्व सौंपा जाएगा । प्रवीण चंद्रवंशी ने कहा कि आगामी ब्लाक स्तरीय बैठक कर क्षेत्र के ब्लॉको का गठन भी किया जाएगा।

# लकड़ी माफियाओं के द्वारा भारी मात्रा में लकड़ियां काटी जा रही हैं



**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट**

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ शहर से 5 किलोमीटर की दूरी ग्राम पंचायत पांजरा पंजीरी में ग्राम पंचायत पांजरा पांजरी में यूकेलिप्टस के पेड़ों की कटाई भारी मात्रा में कटाई की जा रही है स्थानीय जनप्रतिनिधियों का इस और नहीं है कोई ध्यान ग्राम पंचायत आंदलहेड़ा में भी लकड़ियों को काटा गया अवैध लकड़ी माफियाओं के द्वारा लकड़ी काटकर स्टॉक किया गया लकड़ियों का स्टॉप करने के उपरांत ट्रकों से भरकर बड़े मुनाफे के लिए भोपाल इंदौर जैसे बड़े शहरों में सप्लाई की जाती है।

# अवैध रूप से मादक पदार्थों का परिवहन करने वालों पर पुलिस का शिकंजा




**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। गांजा सहित एक मोटर साइकिल जप्त, दो आरोपी पुलिस हिरासत में कुल 1,40,000 रूपये का मशरूका जप्त अवैध रूप से मादक पदार्थों का परिवहन निश्चित रूप से चिंता का विषय है जिसके चलते जिला पुलिस कप्तान ने ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जिले की टीम को लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के फल स्वरुप लगातार कार्यवाही की भी जा रही है परंतु अपराधी भी नए-नए तरीकों से अवैध मादक पदार्थों के परिवहन को अंजाम दे रहे हैं। थाना ब्यावरा शहर पुलिस ने ऐसे ही दो गांजा तस्कर को गिरफतार कर गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की है मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अरनिया के पास दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में खड़े हुए है यदि तुरन्त कार्यवाही की जाती है तो आरोपीयों को गांजा सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने से सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना होकर ग्राम अरनिया पास पहुचकर छिपकर देखा तो मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के दो आदमी खड़े हुए थे जिनमें से एक व्यक्ति हाथ में काले कलर का बैग व दूसरे व्यक्ति के हाथ में थैली थी मुखबीर की सूचना सही होना पाया जाने से उक्त दोनो व्यक्तियों को हमराह फोर्स व पंचान की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा व नाम पता पूछा तो शहजाद अली उर्फ मुन्ना अली उम्र 24 साल तथा दूसरे व्यक्ति से नाम पूछा तो उसने अपना नाम अरविंद दांगी उम्र 23 साल निवासी हिम्मतगढ़ थाना रायपुर जिला झालावाड़ राजस्थान का बताया, जब दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 4 किलो गांजा कीमती करीब 40,000 रुपये अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं एक अपाचे मोटरसाइकिल कीमत लगभग ?1,00,000 विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य ठुस्त्रश्चह्य एक्ट के तहत दंडनीय पाया जाने से गांजा को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 384/23 धारा 8/20 ठुस्त्रश्चह्य ड्डष्ह्ल के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक राजपाल सिंह राठौर, उनि कोमल वर्मा गुप्ता, आर850 वीरेंद्र कुशवाह, आर. 890 चंद्रेश कुशवाह , आर.940 योगेंद्र सिंह राजपूत , आर.656संदीप दांतरे, आर. 50 रवि मौर्य, आरक्षक 1018 विक्रम भिलाला का सराहनीय योगदान रहा।

# सद्गुरु कबीर एकता मंच पुष्पराजगढ़ के तत्वाधान में आयोजित कबीर प्रगटोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया





**कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)**

अनूपपुर। राजेन्द्र ग्राम खेल मैदान में आयोजित हुई बैठक में महिलाएं बच्चे जवान बुजुर्ग महिला सभी महानुभावों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।सर्व प्रथम सद्गुरु कबीर साहेब की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित गई। पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई सुसज्जित रथ पर सद्गुरु कबीर साहेब की प्रतिमा स्थापित कर साहेब के भजनो की ध्वनि और बैन्डबाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल महिलाओं की कतार एवं (श्वेत निशान) झन्डे लेकर चल रहे बीर भक्त कबीर साहेब के जयकारे एवं पड़ावों की गड़गड़ाहट से पूरा जनमानस हर्षित हो रहा था। राजेन्द्र ग्राम में मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार से विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः वापस खेल मैदान में एक सभा के रुप में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम में शामिल पूरे क्षेत्र से पधारे संत महंत समस्त कबीर धर्म प्रेमी बच्चे जवान बुजुर्ग महिलाओं सभी की उपस्थिति में सद्गुरु कबीर साहेब जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

सभी आगंतुक महानुभावों संतों महन्तो का स्वागत किया गया एवं उपस्थिति महानुभावों वक्ताओं द्वारा जयंती समारोह पर अपने बिचार ब्यक्त किए गए बिदित हो कि उक्त कार्य क्रम को सफल बनाने में एड.रामेश्वरजी चन्द्रा सी. आर. रविदास से.नि.शि.देवरी एड.विवेक कुमार कन्नौजिया राजकुमार कन्नौजिया राजेन्द्र ग्राम मुकेश कुमार जी एवं पूरे क्षेत्र के कबीर पंथी भाइयों ने अपने अनमोल सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत हीरादास जी महंत रंजीत साहेब दीवान बीरबलदास दीवान कोसादास जिलापंचायत सदस्या श्री मती भुवनेश्वरी जी (सभापति निर्माण समिति) प्राचार्य श्री धुर्वे जी, पूर्व बी.एम. ओ.श्री चौरसिया जी एवं पूरे पुष्पराजगढ़ क्षेत्र से कबीर धर्म प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन महंत हीरादास जी महंत रंजीत साहेब डॉ चौरसिया एवं अन्य बहुत से महानुभावों ने अपने बिचार ब्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन एड.चन्द्रा एवं अध्यक्षता सी.आर. रविदास से.नि.शिक्षक ने की एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्यक्रम में सहयोग देने वालोएवं पूरे क्षेत्र से पधारे बच्चे जवान बुजुर्ग महिलाए एवं समस्त कबीर धर्मप्रेमियों काआभार ब्यक्तकिया गया पश्चात अंत में उपस्थित जनसमूह के समक्ष सत्यपुरुष की आरती उतारी गई। प्रसाद वितरण किया गया एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पुलिस मुख्यालय के निर्देषानुसार चलाये जा रहे समर कैंप का पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा किया गया समापन

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

अनूपपुर। पुलिस महानिदेशक महोदय म.प्र. श्री सुधीर कुमार सक्सेना एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल श्री दिनेश चंद्र सागर के निर्देशन में अनूपपुर पुलिस के द्वारा पुलिसकर्मियों के परिजनों एवं उनके बच्चों




के कौशल उन्नयन, तकनीकी दक्षता एवं कैरियर काउंसलिंग हेतु विगत 02.05.2023 से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा था। आज दिनांक 08.06.2023 को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा पुसिल अधीक्षक कार्यालय में समर कैम्प का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा बताया गया कि विगत माह से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस समर कैंप का उद्देश्य ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बच्चों को अपने कैरियर के प्रति मोटिवेट करते हुए उनका बौद्धिक, तकनीकी एवं अन्य विधाओं जिनमें वे अपारंगत हैं, उनका उन्नयन करते हुए उन्हें उत्कृष्ट बनाना है। समर कैम्प में पुलिस परिवार के लगभग 75-80 बच्चों के द्वारा हिस्सा लिया गया। जिसकी मानिटरिंग नियमित रुप से जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गयी। समर कैंप में हिस्सा लेने वाले बच्चों को कैरियर काउंसलिंग एवं अन्य विधाओं जैसे कैलीग्राफी, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, शारीरिक दक्षता हेतु कराटे, ताइक्वांडो, वालीबॉल एवं बैडमिंटन इत्यादि खेलों का प्रशिक्षण उक्त विधाओं में कुषल प्रषिक्षकों के द्वारा दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देष पर ट्रैकिंग एवं जंगल कैम्प का आयोजन अमरकंटक में किया गया। जिसमें 5.5 किलोमीटर ट्रैकिंग (शंभूधारा से लक्ष्मण धारा तक) आयोजित किया गया। जिसमें सभी बच्चे एवं उनके परिजन के द्वारा बड़े उत्साह के साथ भाग लिया गया था। समर कैम्प के समापन कार्यक्रम में समर कैम्प में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों एवं प्रषिक्षकों को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर, अति0पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल के द्वारा प्रषस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम में अति0पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल, रक्षित निरीक्षक अनूपपुर श्रीमती अमिता सिंह एवं समर कैम्प में हिस्सा लेने वाले पुलिस परिवार के 75-80 बच्चे एवं प्रषिक्षक सम्मिलित थें। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा समर कैम्प में सम्मिलित बच्चों एवं प्रषिक्षकों को सफल आयोजन हेतु बधाई दी गयी एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनां दी गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि इस प्रकार के आयोजन आगें भी किये जाएगें।

**शराब ठेकेदार की गाड़ी है, नहीं जाएगी थाना**

# यातायात आरक्षक से शराब ठेकदार के गुर्गे ने दिखाई दबंगई, जप्त किया गया वाहन




**रोहित तिवारी (शहडोल)**

शहडोल। एक बिना नंबर के चार पहिया वाहन कों ट्रेफिक पुलिस कर्मी द्वारा रोकने पर उसमे बैठे व्यक्ति ने धमकी देते हुए शराब ठेकदार के नाम पर जमकर रंगदारी दिखाई। हालांकि उसकी रंगदारी और शराब ठेकदार का नाम उसके काम नहीं आया और वारिष्ठ अधिकारियों कों सूचना देने के बाद उक्त वहाँ थाने भेज दिया गया। यह घटना आज शाम राजेंद्र टाकीज के पास घटित हुई। दरअसल बुधवार की शाम ट्राफिक आरक्षक विवेकानंद तिवारी राजेंद्र टॉकीज तिराहे पर अपनी ड्यूटी कर रहे थे, उसी दौरान सिल्वर कलर की बोलेरो वाहन पांडव नगर से गांधी चौक की ओर जा रही थी। वाहन मे आगे और पीछे दोनो तरफ गाड़ी नम्बर अंकित नहीं था। जिस पर ट्राफिक आरक्षक विवेकानंद तिवारी ने बोलेरो वाहन को रोका और वाहन चालक से नंबर नहीं लिखा होने का कारण पूछा। जिस पर वाहन के अंदर बैठे एक अन्य व्यक्ति ने अपना नाम ए के सिँह बताया और ट्रेफिक पुलिस कर्मी से बहस शुरू कर दी। ज़ब उक्त वाहन कों थाने ले चलने की बात यातायत पुलिस कर्मी ने कही तो गाडी मे अंदर बैठा युवक नाराज हो गया और बड़े ही धमकी भरे अंदाज मे कहा कि जानते नहीं हो ये गाड़ी शराब ठेकेदार ऋषि सिंह की है,थाने नहीं जाएगी। जो करना हैं आप कर सकते हो । इतने मे भी गाड़ी मे बैठे शराब ठेकेदार के गुर्गो ने ट्रैफिक आरक्षक से अभद्रता करते हुए कहा कि ना वाहन का चालान कटेगा और ना ही वाहन थाने जाएगा ,जिसके बाद आरक्षक ने मामले की जानकारी ट्रैफिक डीएसपी को दी। जानकारी लगते ही डीएसपी ट्रैफिक मुकेश दीक्षित मौके पर पहुंचे और वाहन में दोनों ओर नंबर ना होना एवं मौके पर चालक के द्वारा कागजात ना दिखाए जाने पर वाहन को जप्त कर यातायात थाने में ले जाकर सुरक्षा।

# नौकरी से तब हटाया जब माँ के ईलाज के लिए अस्पताल में था मकसूदः अब माँ नहीं रही

**अमित सेन गुप्ता**



राजनगर। नगर परिषद बनगवां में भ्रष्टाचार और भर्ती घोटाले की लड़ाई लड़ रहे पूर्व दैनिको श्रमिको में इस वक्त शोक का माहौल है। सत्याग्रह के दौरान पूर्व दैनिक श्रमिको ने अपने बीच के ही नौकरी से पृथक किए गए साथी मकसूद आलम की माता जी को श्रद्धांजलि दी है। जब बीमार थी तब नौकरी से हटाया गया। नगर परिषद के पूर्व दैनिक श्रमिक रहे मकसूद आलम रायपुर के राम कृष्ण केयर नामक अस्पताल में अपनी बीमार माँ के ईलाज के लिए गए हुए थे। डॉक्टर्स ने उन्हें कैंसर की बीमारी बताया था। माँ को हुई इस जानलेवा बीमारी का दंश अभी मानसिक स्थिति को प्रभावित कर ही रहा था तब तक नगर परिषद बनगवां में बचे हुए दैनिक श्रमिकों की सूची जारी हो गयी। मकसूद उस सूची से पृथक हो चुके थे। परिवार के इकलौते कमाने और जीविका चलाने वाले को नौकरी से पृथक कर दिया गया था। माँ को जिस वक्त ईलाज के लिए सबसे ज्यादा पैसे की जरूरत थी उस वक्त नगर परिषद बनगवां द्वारा मकसूद के जीविकोपार्जन का साधन छीन लिया गया था। लोगो से सार्वजनिक मदद मांगने को मजबूर किया मकसूद की नौकरी तो छीनी जा चुकी थी। सामने बीमार माँ भी असहाय पड़ी थी। अब बेटा यूँ ही अपनी माँ को मरते छोड़ नहीं सकता था। वह रो रहा था। अपनी माँ की जान बचाने के लिए मदद की गुहार लगाने लगा। क्षेत्रीय सोशल वर्कर, नेता, जनप्रतिनिधि आगे आए और उन्हें हर सम्भव मदद करने का यत्न किए। पर शायद बहुत देर हो चुकी थी।

**नहीं रही अब मकसूद की माँ**

दिनांक 6 जून 2023 को संध्या साढ़े 4 बजे मकसूद आलम की माँ ने आखिरी सांसें ली। नगर परिषद बनगवां के इस पूर्व दैनिक श्रमिक की माँ का बेहद दुःखद अंत हुआ। वैसे तो होनी को कोई टाल नहीं सकता था। शायद नियति का यही लेखा जोखा था। परन्तु नगर परिषद बनगवां के घिनौनी नीयत का इसी दौरान सभी को पता चल गया।

**भाजपा जिलाध्यक्ष का रिश्तेदार कार्यरत है नगर परिषद में:** मकसूद आलम जैसे तमाम जरूरतमंद को उनके नौकरी से पृथक करने के बाद जो अंतिम सूची बनी थी उसमें गौर करने वाली जानकारी प्राप्त हुई। भाजपा अनुपपुर के जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार, बिना किसी खास योग्यता के मकसूद जैसे जरूरत मन्दों की जगह पर बिना किसी खास योग्यता के नौकरी कर रहे है। कहने को भारतीय जनता पार्टी का ध्येय नारा है सबका साथ और सबका विकास. परन्तु वास्तविकता पर यदि गौर करें तो भाजपा शासित नगर परिषद बनगवां की मानवीय संवेदनाएं मर चुकी है और सबका साथ सबका विकास जैसे स्लोगनों के नाम पर आम जनमानस के गालों पर गहरा तमाचा जड़ने का काम कर रही है।

### टीम इंडिया मेडल टैली के टॉप पर

# धनुष श्रीकांत ने ISSF जूनियर वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड: टूर्नामेंट में भारत को तीसरा स्वर्ण दिलाया

**नई दिल्ली**

भारतीय निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने ISSF जूनियर वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीता है। उन्हें यह सफलता सोमवार को पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में मिली है। श्रीकांत ने भारत को तीसरा गोल्ड दिलाया है।

श्रीकांत के इस गोल्ड के बाद मेडल टैली में भारत के कुल 9 मेडल हो गए हैं। भारतीय टीम के हिस्से में 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय टीम टेबल में टॉप पर है, जबकि अमेरिका कुल छह पदक के साथ दूसरे नंबर पर है।

जर्मनी के सुहल में चल रहे जूनियर शूटिंग वर्ल्ड कप के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में धनुष श्रीकांत ने 249.4 अंक अर्जित किए। जबकि सिल्वर मेडलिस्ट स्वीडन के पोंटस कालिन ने 248.1 और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट फ्रांस के रोमैन औफ्रेरे ने 227.1 अंक स्कोर किए।

## फाइनल में पहुंचे थे 3 भारतीय निशानेबाज

पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में तीन भारतीय निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। धनुष क्वालिफिकेशन में 628.4 अंक बनाकर छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे। प्रथम भड़ाना ने 628.7 अंक बनाए और वह क्वालिफिकेशन में धनुष से आगे पांचवें स्थान पर रहे।

अभिनव साव ने 626.7 अंक बनाए और वो आठवें नंबर पर रहकर फाइनल में पहुंचे। अभिनव फाइनल में सातवें स्थान पर रहकर बाहर हो गए जबकि प्रथम चौथे स्थान पर रहे।

धनुष ने फाइनल में शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया तथा लगातार बढ़त बनाए रखी और अपने किसी भी प्रतिद्वंदी को मौका नहीं दिया। भारत ने स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता। हरमेहर लैली और संजना सूद ने शूटऑफ में स्वीडन के डेविड जानसन और फ़ेलिशिया रोस को हराकर भारत को यह पदक दिलाया।





## कोको गॉफ-रूड फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं मेंस सिंगल्स में नॉर्वे के कैस्पर रूड तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। इनके अलावा विमेंस सिंगल्स में टूर्नामेंट में 14वीं सीड प्राप्त बिटरिज हदाद माइया 55 साल की उम्र में किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वालीं पहली ब्राजीली महिला हो गई हैं। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ पहले सेट में चोटिल होने के बावजूद मुकाबले में बनी रहीं और अंत में इसे जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ को पहले सेट के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। इस सेट में वह 5-2 से आगे चल रही थीं। अन्ना करोलिना शमीडलोवा ने वापसी करते हुए स्कोर को 5-5 कर दिया। इसके बाद वह फिसल कर गिर गईं। जिससे उनका दायां घुटना छिल गया। कुछ देर मैच मेडिकल टाइम के लिए रुका रहा। उन्होंने पट्टी बांध कर मैच में वापसी की और पहले सेट को 7-5 से जीत लिया।

# शाह से मीटिंग के बारे में बाहर बात नहीं करना, बजरंग बोले- बैठक में ये कहा गया था



**रेवाड़ी**

गृहमंत्री अमित शाह से रेसलर्स की बैठक पर पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि अमित शाह से बैठक में हम लोगों को कहा गया कि मीटिंग के बारे में बाहर बात नहीं करनी है। सरकार की तरफ से ये बातें हमें बोली गई थी।

बजरंग ने एनडीटीवी से कहा- हमारी गृहमंत्री के साथ कोई सेटिंग नहीं हुई है। हमारा धरना जारी रहेगा। हमने उनसे पूछा कि बृजभूषण की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई इस पर गृहमंत्री ने कहा था कि जांच चल रही है।

भारतीय कुश्ती संघ (WFI) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चल रहे आंदोलन के बीच रेसलर्स विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के रेलवे में नौकरी जॉइन करने से किसान और खाप नेता नाराज हो गए हैं। ये लोग कुरुक्षेत्र में महापंचायत करने वाले थे। अब इन्होंने 9 जून को जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन को टाल दिया है। इन किसान नेताओं ने कुरुक्षेत्र की महापंचायत में अल्टीमेटम दिया था कि 9 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे जंतर-मंतर पर पहलवानों का फिर से प्रदर्शन शुरू कराकर आएंगे। पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने रेसलर्स को जंतर-मंतर से हटा दिया था। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के एक दिन बाद सोमवार को रेलवे में नौकरी जॉइन कर ली थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मीटिंग के बाद दिल्ली पुलिस की जांच तेज हो गई है। रविवार रात दिल्ली पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने उनके घर विश्नोहरपुर पहुंचकर 12 करीबियों के बयान दर्ज किए। जिनमें बृजभूषण ड्राइवर, सुरक्षाकर्मी, माली और नौकर भी शामिल हैं। SIT इस मामले में अभी तक 137 लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है।

# व्यापार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3730-3760, खोपरा गोला 120-145, खोपरा बूरा 2000-4000 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 505-510, ऊंझा हल्का 515-525, मीडियम 520-525, बेस्ट 530-540, हल्दी निजामाबाद 130-140, सांगली 170-175, साबूदाना हल्का 6600-6700, मीडियम 6750-6850, बेस्ट 7450-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 220-223, मीडियम 240-256, बेस्ट 288-290, सौंफ बारि?क 190-225, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 725-750, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1350-1360, मैदा कट्टा 1360-1370, रवा कट्टा 1390-1400, बेसन 3350 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1300-1400, (160) 1500-1600, (200) 1550-1650, (250) 1700-1750

**तेल :-** सींगदाना 1580-1600, मुम्बई 1610, राजकोट तेलिया 2550, सोया साल्वेंट 860-865, सोया रिफाइंड 905-910, कपास्या 820-825, धूलिया 830, कड़ी 835,

**दाल :-** चना दाल एवरेज 6650-6750, बेस्ट 7000-7200, तुअर दाल सवा नं. 11300-11400, तुअर दाल फूल 11700-11800, तुअर दाल बोल्ड 12700-13400, मसूर दाल एवरेज 7100-7200, बेस्ट 7300-7400, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9700-9800,

### महंगे लोन से आय बढ़ने और फिनटेक के चलते खर्च घटने से बढ़ा प्रॉफिट

# सरकारी-बैंकों का मुनाफा पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए पार

**नई दिल्ली**

मार्च में खत्म वित्त वर्ष में सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा 1,04,649 करोड़ हो गया। 2017-18 में इन बैंकों को 85 हजार करोड़ का घाटा हुआ था। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के सीनियर डायरेक्टर अरुण कुमार अय्यर ने कहा, 'बैंकों ने फिनटेक कंपनियों को बिजनेस पार्टनर बनाया।

इससे डिपॉजिट, निकासी और फंड ट्रांसफर जैसे काम बैंक से बाहर होने लगे। यदि ये सारे ट्रांजेक्शन बैंक ब्रांच या एटीएम के जरिये होते तो बैंकों का खर्च बढ़ता।' इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व सीएमडी एम नरेंद्र ने बताया कि फिनटेक ने बैंकों के छोटे लोन पर खर्च बचा दिए। ये नए खाते खोलने में भी मददगार साबित हुए।



## लोन पर डिफॉल्ट कम हुए

यूको बैंक के रिटायर्ड ईडी अजय व्यास कहते हैं, 'फिनटेक के बेहतर रिस्क एनालिसिस से लोन डिफॉल्ट और खर्च घटे हैं। मसलन, 2017-18 में सबसे बड़े बैंक एसबीआई की आय के मुकाबले खर्च का अनुपात 50.18% था। अभी ये घटकर 35.58त्न पर आ गया है। 2022-23 में 83.71 अरब लेनदेन यूपीआई के जरिये हुए। तीन साल में ये 4 गुना बढ़े हैं। ब्रांच में हर लेनदेन पर 24 रुपए, एटीएम ट्रांजेक्शन पर 15-18 रुपए और पीओएस पर हर कार्ड स्वैप का खर्च 3-5 रुपए बैठता है। फिनटेक के जरिये ट्रांजेक्शन से ये खर्च बच रहे हैं।

## फिनटेक ने बढ़ाया कवरेज

पेनियरबॉय फिनटेक के CEO और स्न्न आनंद बजाज कहते हैं कि 7.25 लाख गांवों के लिए सिर्फ 25 हजार बैंक ब्रांच हैं। फिनटेक ने गांवों को फाइनेंशियल सर्विसेज से जोड़ा। ऐसे प्लेटफॉर्म से लेनदेन का 50% बैंकों को जाता है। ये न लोन देते और न ही डिपॉजिट लेते हैं।

## अब ATM से UPI का इस्तेमाल कर निकाल पाएंगे कैश

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) ने सोमवार (5 जून) को इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल (ICCW) नाम की एक नई सर्विस शुरू करने की अनाउंसमेंट की है। इस नई सर्विस के जरिए बैंक के कस्टमर्स BOB के ATM से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) का यूज कर कैश निकाल सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा UPI से कैश निकालने की सर्विस देने वाला पब्लिक सेक्टर का पहला बैंक बन गया है। इस सर्विस का इस्तेमाल कर कस्टमर एक दिन में सिर्फ 2 बार ही अपने अकाउंट से ट्रांजैक्शन कर सकता है। बैंक ने इस सर्विस के तहत एक ट्रांजैक्शन की लिमिट 5,000 रुपए रखी है।

## शेयर्स बायबैक के लिए विप्रो ने तय की रिकॉर्ड डेट

**मुंबई।** IT की दिग्गज कंपनी विप्रो ने अपने 12,000 करोड़ रुपए के शेयर्स बायबैक के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। एक्सचेंज फाइलिंग में विप्रो ने बायबैक के लिए 16 जून की रिकॉर्ड डेट तय करने की जानकारी दी है। एक महीने पहले चौथी तिमाही के नतीजों के साथ विप्रो के बोर्ड ने शेयर्स बायबैक को मंजूरी दी थी।

# ऑफिशियली ट्विटर की नई CEO बनीं लिंडा याकारिनो

**सैन फ्रांसिस्को**

लिंडा याकारिनो ने सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के नए CEO के रूप में ऑफिशियली कार्यभार संभाल लिया है। इस बात की जानकारी लिंडा याकारिनो ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट शेयर कर खुद दी है। इतना ही नहीं लिंडा ने अपनी लिंक्डइन प्रोफाइल के बायो में ट्विटर CEO भी अपडेट कर दिया है। लिंडा याकारिनो ने पोस्ट शेयर कर लिखा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं ट्विटर में चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के रूप में एक नई पोजीशन शुरू कर रही हूं। मैं लंबे समय से एक उज्जवल भविष्य बनाने के लिए एलन मस्क के विजन से हमेशा से प्रेरित रही हूं।



लिंडा याकारिनो ने आगे लिखा, अब, मैं उस दृष्टि को ट्विटर पर लाने और बिजनेस को एक साथ बदलने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं। ट्विटर के भविष्य के लिए सभी की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण है और मैं इस सब के लिए यहां हूं। कृपया बातचीत जारी रखें और मिलकर ट्विटर 2.0 का निर्माण करें।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)